Samyak

An Institute For Civil Services

# करेंट अफेयर्स




## द्विमासिक समसामयिकी

**जनवरी - फरवरी: 2023**

### विशेष आकर्षण

- अंतर्राष्ट्रीय
- राष्ट्रीय
- राजस्थान
- राजस्थान सुजस सार
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी
- खेल जगत















**सभी प्रतियोगी परीक्षाओ के लिए उपयोगी**

# What Do Our Shining Stars Say !



**MUKTA RAO, RAS** (Rank - 1, RAS Exam 2018)

आज मुझे बहुत गर्व हो रहा है तथा इसका श्रेय मेरे माता-पिता, परिवार जन एवं सम्यक इंस्टिट्यूट को जाता है। सम्यक मेरे लिए दूसरा घर है तथा यहाँ से मिली सहायता व मार्गदर्शन के लिए मैं सम्यक टीम की शुक्रगुजार हूँ। सम्यक द्वारा दी गई नियमित कक्षायें, Mains की परिणामोन्मुख तैयारी तथा Test Series का मेरे Selection मे विशेष योगदान रहा है।



**Shivakshi Khandal, RAS** (Rank - 3, RAS Exam 2018)

सबसे पहले सम्यक और सम्यक टीम को बहुत बहुत बधाई। ये जो मेरा Experience रहा है इसमें सम्यक का Guidance काफी अच्छा रहा और साथ ही में यहाँ की Test Series से मुझे बहुत Help मिली है। मेरे लिए सम्यक का Experience बहुत अच्छा रहा जिसका मेरी सफलता में अहम योगदान रहा। Thanks Samyak



**RAVI KUMAR GOYAL, RAS** (Rank - 7, RAS Exam 2018)

मुझे ये सफलता तीसरे प्रयास में मिली है। इस सफलता का श्रेय ईश्वर, माता-पिता और साथ ही सम्यक को जाता है जिन्होने शुरू से लेकर Last तक मेरी हर तरीके की मदद की है चाहे वो Test Series हो Class Room Programe हो या Interview Class हो मुझे यहाँ से Proper Guidance एवं सही Direction मिला जिससे मैं अच्छा Score कर पाया। धन्यवाद सम्यक



**NIHARIKA SHARMA, RAS** (Rank - 15, RAS Exam 2018)

मेरी सफलता का श्रेय ईश्वर, माता-पिता और सम्यक को जाता है। मुझे यहाँ से Proper Guidance एवं सही Direction मिली और साथ ही में मुझे यहाँ पर Proper Study Material मिला जो मेरे लिए बहुत Helpful रहा। यहाँ पर मैंने Mock Interview दिया था। जिसके कारण मेरा Performance अच्छा रहा और Mains में एक अच्छा Score करने में मदद मिली। Thanks Samyak



**ANIL KUMAR SINGHAL, RAS** (Rank - 1, RAS Exam 2013)

वर्तमान परिदृश्य में सम्यक संस्थान द्वारा RAS परिक्षा हेतु किये जा रहे प्रसाय सराहनीय एवं श्रेष्ठ है। वर्तमान प्रतियोगिता परिक्षा हेतु संस्थान द्वारा बेहतर मार्गदर्शन, कक्षा कार्यक्रम एवं साक्षात्कार तैयारी पूर्ण मनोयोग से की जा रही है। आशा है संस्थान, भविष्य में और भी बेहतर वातावरण उपलब्ध करता रहेगा। मुझे भी संस्थान के मानद मार्गदर्शक श्री कौशल भारद्वाज जी से काफी लम्बे समय से सहयोग प्राप्त होता रहा है। भविष्य में अन्य विद्यार्थी संस्थान से जुड़कर सफलता प्राप्त कर सकते है। मैं सम्यक का हमेशा शुक्रगुजार रहूँगा।



**SHAILESH KHAIRWA, RAS** (Rank -2A, RASExam 2016)

*The SAMYAK has played a significant role in my achievement. Extensive knowledge about the subject along with constant availability and guidance of teachers made SAMYAK a perfect match for me. Competitive and inspiring environment and good study material by the centre have helped me immensely the regular tests conducted here also proved beneficial. I would recommend SAMYAK to all Civil Service aspirants.*



**SANJAY KUMAR GORA, RAS** (Rank - 6, RAS Exam 2016)

*Right from the portrait in the entrance that welcomes us aspirants every day to the founding team that comprised of Civil Servants, the faculty who are all experts in their respective subjects to the personal guidance and unique mentoring programme - each and every aspect of the SAMYAK inspires and encourages us to be a Civil Servant.*



**MAHESH KUMAR, IRS** (Civil Service Exam, 2015) **RPS** (RAS Exam 2012)

*I owe my success to the SAMYAK team for guiding me throughout my journey. My dream is a reality today because of proficiency and expertise of the teachers at SAMYAK and their immense faith in their students. The dedication and commitment of the teachers at SAMYAK and their ability to make the classes so interesting is a superlative effort which is unmatched. I am deeply indebted to them for giving me knowledge which has helped me shape my dreams and in making me capable of achieving them.*

# अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम

## क्रोएशिया पूर्णतया एकीकृत यूरोपीय संघ का सदस्य

- 1 जनवरी 2023 को क्रोएशिया ने यूरोप के पासपोर्ट-मुक्त यात्रा क्षेत्र (दुनिया का सबसे बड़ा) में सम्मिलित होने के लिए यूरो को अपनाया और दर्जनों सीमा चौकियों को समाप्त कर यूरोपीय संघ में शामिल होने वाला 27वां देश बन गया है। क्रोएशिया वर्ष 2013 में यूरोपीय संघ में शामिल हुआ था, लेकिन यूरो को अपनाने के लिए इसे सख्त आर्थिक शर्तों के नियम को मानना पड़ा

## मिस्र के राष्ट्रपति की भारत यात्रा

- मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल-सिसी मिस्र 24 से 26 जनवरी, 2023 को भारत की यात्रा पर रहे। वे भारत के 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता के बाद रक्षा उद्योग के बीच सहयोग को मजबूत करने तथा आतंकवाद से निपटने के लिए सूचना और खुफिया आदान-प्रदान बढ़ाने का निर्णय किया गया। साथ ही दोनों देशों के बीच साइबर सुरक्षा, संस्कृति, सूचना प्रौद्योगिकी, युवा कार्य और प्रसारण क्षेत्र से सम्बन्धित समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

## युवा पेशेवर योजना

- 17वें प्रवासी भारतीय दिवस पर भारत और यूनाइटेड किंगडम ने युवा पेशेवर योजना (YPS) शुरू करने का फैसला किया है। इसके तहत उनके 3,000 डिग्रीधारक नागरिकों (18-30 वर्ष की आयु) को एक-दूसरे के देशों में रहने और कार्य करने हेतु 2 साल की अवधि के लिए अनुमति दी जाएगी। YPS की कल्पना भारत-यू.के. साझेदारी के रूप में की गई थी। प्रवासन और गतिशीलता समझौता ज्ञापन (2021 में हस्ताक्षरित) की प्रारंभिक अवधि 3 वर्ष होगी तथा इसके मार्च 2023 तक लॉन्च होने की उम्मीद है।

## अब्दुल रहमान मक्की वैश्विक आतंकी घोषित

- UNSC की ISIL और अल कायदा प्रतिबंध समिति (1267 समिति) ने पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (LeT) के प्रमुख योजनाकार अब्दुल रहमान मक्की को 16 जनवरी, 2023 को अपनी प्रतिबंध सूची में शामिल किया है। चीन द्वारा जून 2022 में लगाए गए 'तकनीकी प्रतिबंध' को वापस लेने के बाद यह कदम उठाना संभव हुआ है।

## अन्तरराष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा सूचकांक

- यूएस चैम्बर ऑफ कॉमर्स के ग्लोबल इनोवेशन पॉलिसी सेन्टर द्वारा 22 जनवरी, 2023 को 'अन्तरराष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा सूचकांक जारी किया गया। सूचकांक 50 वैश्विक संकेतकों में 55 वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में आईपी अधिकारों के संरक्षण का मूल्यांकन करता है। सूचकांक में भारत 42वें स्थान (38.64 प्रतिशत स्कोर) पर रहा है। सूचकांक में वेनेजुएला ने निम्नतम स्थान प्राप्त किया, जिसका स्कोर 14.10 है।

**शीर्ष स्थान प्राप्तकर्ता:-**

| देश | स्थान |
|---|---|
| अमेरिका | 1 |
| ब्रिटेन | 2 |
| फ्रांस | 3 |
| जर्मनी | 4 |
| स्वीडन | 5 |
| जापान | 6 |
| द नीदरलैंड्स | 7 |
| स्पेन | 8 |
| आयरलैंड | 9 |
| स्विटजरलैंड | 10 |

## भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक

- ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की ओर से 31 जनवरी, 2023 को जारी 'भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक' में डेनमार्क को सबसे कम भ्रष्ट तथा अफ्रीकी देश सोमालिया को सबसे भ्रष्ट देश बताया गया है। 180 देशों को लेकर जारी इस सूचकांक में भारत को 85वें स्थान पर रखा गया है।

- **शीर्ष कम भ्रष्ट देश:-** डेनमार्क, फिनलैंड व न्यूजीलैंड, नार्वे, सिंगापुर और स्वीडन।
- **निम्नस्थ सबसे भ्रष्ट देश:-** सोमालिया, सीरिया व दक्षिण सूडान, वेनेजुएला और यमन।

### चक्रवात गेब्रियल

- न्यूजीलैंड में फरवरी, 2023 में आए चक्रवात 'गेब्रिएल' ने भारी तबाही मचाई। वहां कई लोगों की मृत्यु हुई और हजारों लोग विस्थापित हुए।
- **यह भी जानें:-** चक्रवात कम दबाव वाले वे क्षेत्र हैं जहां तीव्र गति से आंतरिक वायु का परिसंचरण होता है। उत्तरी गोलार्द्ध में हवा एंटी क्लॉकवाइज घूमती है, जबकि दक्षिणी गोलार्द्ध में हवा क्लॉक वाइज घूमती है। चक्रवात दो प्रकार के होते हैं:- उष्ण कटिबंधीय चक्रवात और अतिरिक्त-उष्ण कटिबंधीय चक्रवात।

### भारत-सेशेल्स समुद्री सुरक्षा समझौता

- समुद्री रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में मौजूदा सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए भारत और हिन्द महासागर स्थित द्वीपसमूह राष्ट्र सेशेल्स ने 21 फरवरी, 2023 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते का उद्देश्य समुद्री डोमेन जागरूकता, सूचनाओं के आदान-प्रदान और विशेषज्ञता विकास को बढ़ाने के लिए दोनों देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देगा।

### क्रिस हिपकिंस

- क्रिस हिपकिंस ने 25 जनवरी 2023 को न्यूजीलैंड के 41वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। उन्होंने इस पद पर जैसिंडा अर्डर्न का स्थान लिया है जिन्होंने 19 जनवरी को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

### लूला दा सिल्वा

- लुइज इंसियो लूला दा सिल्वा (77) ने ब्राजील के 39वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली है। लूला ने अक्टूबर, 2022 में जायर बोल्सोनारो को कड़े संघर्ष में हराकर तीसरी बार राष्ट्रपति पद का चुनाव जीता था। वर्ष 2003 से 2010 तक वर्कर्स पार्टी के अध्यक्ष के रूप में पूर्व यूनियन नेता लूला ने कमोडिटी बूम के दौरान लाखों लोगों के आर्थिक स्तर में सुधार किया था। लुइज इंसियो लूला दा सिल्वा वर्कर्स पार्टी के संस्थापक सदस्य हैं। वर्ष 2006 में इन्हें जवाहर लाल नेहरू पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### शहाबुद्दीन चुप्पू

- पूर्व न्यायाधीश मोहम्मद शहाबुद्दीन चुप्पू फरवरी, 2023 में बांग्लादेश के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं। अवामी लीग के चुप्पू 24 अप्रेल, 2023 को पदभार ग्रहण करेंगे।

### आयुष्मान खुराना

- बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना को यूनिसेफ इंडिया ने राष्ट्रीय दूत के तौर पर नियुक्त किया है। आयुष्मान यूनिसेफ को प्रत्येक बच्चे के अधिकारों को सुनिश्चित करने में मदद करेंगे।

### रुचिरा कम्बोज

- संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज को संयुक्त राष्ट्र के सामाजिक विकास आयोग के 62वें सत्र का अध्यक्ष चुना गया है। फरवरी, 2023 में उत्तरार्द्ध में न्यूयार्क स्थित इवानोवस्की, डोमिनिक गणराज्य से कार्ला मारा कार्लसन और लक्समबर्ग से थॉमस लेम्मर को 62वें सत्र का उपाध्यक्ष चुना गया।

## पुरस्कार

### आईसीसी पुरस्कार

- अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने क्रिकेट के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वर्ष 2022 के पुरस्कारों की घोषणा 23-26 जनवरी, 2023 को की।

**इन्हें मिले पुरस्कार:-**

**पुरुष:-**

- **मेन्स क्रिकेटर ऑफ द ईयर (सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी)-** बाबर आजम (पाकिस्तान)
- **मेन्स टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर-** बेन स्टोक्स (इंग्लैंड)
- **मेन्स ओडीआई क्रिकेटर ऑफ द ईयर -** सूर्य कुमार यादव (भारत)
- **मेन्स इमर्जिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर-** मार्को जानसेन (द.अफ्रीका)
- **मेन्स एसोसिएट क्रिकेटर ऑफ द ईयर-** गेरहार्ड इरास्मस (नामीबिया)
- **आईसीसी स्पिरिट ऑफ क्रिकेट -** आसिफ शेख (नेपाल)
- **अंपायर ऑफ द ईयर (डेविड शेफर्ड ट्रॉफी) -** रिचर्ड इलिंगवर्थ (इंग्लैंड)

**महिला:-**

- **वुमन्स क्रिकेटर ऑफ द ईयर (राचेल हेहोई फ्लिंट ट्रॉफी)**- नटालिया सीवर (इंग्लैंड)
- **वुमन्स ओडीआई क्रिकेटर ऑफ द ईयर** - नटालिया सीवर (इंग्लैंड)
- **वुमन्स टी-२० क्रिकेटर ऑफ द ईयर** - तहालिया मैक्ग्रा (ऑस्ट्रेलिया)
- **वुमन्स इमर्जिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर** - रेणुका सिंह (भारत)
- **वुमन्स एसोसिएट क्रिकेटर ऑफ द ईयर** - ईशा ओजा (यूएई)

## मिस यूनिवर्स

- अमेरिका की आर बोनी गैब्रिएल (28) ने वर्ष 2022 का मिस यूनिवर्स का ताज जीता है। 14 जनवरी, 2023 को अमेरिका के लुएसियाना स्टेट के न्यू ऑर्लेअंस शहर में सम्पन्न हुई मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में बोनी गैब्रिएल को वर्ष 2021 की मिस यूनिवर्स हरनाज संधू ने ताज पहनाया। प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व दिविता राय ने किया।

## गोल्डन ग्लोब पुरस्कार

- 80वें गोल्डन ग्लोब पुरस्कार, 2023 वितरण समारोह का आयोजन 10 जनवरी को अमेरिका के लॉस एंजेलिस में किया गया है। भारतीय फिल्म RRR के सुपरहिट गीत 'नाटु नाटु' को सर्वश्रेष्ठ मौलिक गीत के लिए पुरस्कार जीता। फिल्म निर्देशक एस.एस. राजामौली की इस सुपरहिट फिल्म के गीत का संगीत निर्देशन एम.एम. कीरावणी ने किया है।

**इन्हें मिले पुरस्कार:-**

- **सर्वश्रेष्ठ फिल्म (ड्रामा)** - द फेबलमैन्स
- **सर्वश्रेष्ठ फिल्म (म्यूजिकल/कॉमेडी)** - द बैनशीस ऑफ इनिशेरिन
- **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (ड्रामा)** - ऑस्टिन बटलर (फिल्म एलविस के लिए)
- **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (म्यूजिकल/कॉमेडी)** - कॉलिन फेरल (द बैनशीस ऑफ इनिशेरिन के लिए)
- **सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (ड्रामा)** - केट ब्लैंचेट (फिल्म टार के लिए)
- **सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (म्यूजिकल/कॉमेडी)** - मिशेल यो (फिल्म एवरीथिंग एवरीव्हेयर ऑल एट वंस के लिए)

## ग्रैमी पुरस्कार

- भारतीय म्यूजिक कंपोजर रिकी केज ने तीसरी बार ग्रैमी अवॉर्ड जीता है। रिकी को उनके एल्बम 'डिवाइन टाइड्स' के लिए इस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। इस अवॉर्ड शो में कुछ नए अवॉर्ड जैसे कि सॉन्ग राइटर ऑफ द ईयर, बेस्ट स्कोर साउंडट्रैक फॉर वीडियो गेम्स समेत कई कैटेगरी शामिल की गई हैं। ग्रैमी अवॉर्ड्स अमेरिका की रिकॉर्डिंग अकादमी द्वारा संगीत उद्योग के कार्यों को पहचान दिलाने के लिए प्रदान किए जाते हैं। भारतीय संगीतकार रिकी केज ने तीसरी बार ग्रैमी अवॉर्ड जीता है। रिकी केज के एल्बम को सर्वश्रेष्ठ इमर्सिव ऑडियो एल्बम कैटगरी में नॉमिनेट किया गया। संगीतकार ने इस अवार्ड को मशहूर ब्रिटिश रॉक बैंड 'द पुलिस' के ड्रमर स्टीवर्ट कोपलैंड के साथ शेयर किया है। सॉन्ग ऑफ द ईयर अवॉर्ड बोनी रायट को 'जस्ट लाइक दैट' के लिए ग्रैमी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। उन्होंने इस कैटेगरी में टेलर स्विफ्ट को हराया।

## मार्कोनी पुरस्कार

- कंप्यूटर वैज्ञानिक हरि बालकृष्णन को फरवरी, 2023 में मार्कोनी प्राइज 2023 से सम्मानित किया गया। डॉ. बालाकृष्णन को वायर्ड और वायरलेस नेटवर्किंग, मोबाइल सेंसिंग एवं डिस्ट्रीब्यूटेड सिस्टम में बुनियादी योगदान हेतु प्रदान किया गया है।
- **यह भी जानें:**- मार्कोनी प्राइज कंप्यूटर वैज्ञानिकों हेतु एक शीर्ष सम्मान है और इसे अमेरिका स्थित मार्कोनी फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया जाता है। यह उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने उन्नत सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से डिजिटल समावेशिता बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। पुरस्कार विजेताओं को एक स्वतंत्र चयन समिति द्वारा चुना जाता है तथा मार्कोनी सोसाइटी बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

## अन्तरराष्ट्रीय मातृभाषा पुरस्कार

- ओडिशा में स्वदेशी भाषाओं के प्रचार के लिए भारतीय शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. महेन्द्र कुमार मिश्रा को 'अन्तरराष्ट्रीय मातृभाषा पुरस्कार-2023' से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान 21 फरवरी, 2023 को ढाका में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने प्रदान किया। डॉ. मिश्रा यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले भारतीय हैं।

## चर्चित पुस्तकें

- **विक्ट्री सिटी - सलमान रुश्दी**
- **ऑपरेशन गंगा - तरुण पिथोड़े**
- **धार्मिक नेशन : फ्रीइंग भारत, रिमेकिंग इंडिया - आर. जगन्नाथन**
- **चीफ मिनिस्टर्स डायरी नं.1 - हेमंत बिस्वा सरमा**
- **इंडियाज नॉलेज सुप्रीमेसी : द न्यू डॉन - डॉ. अश्विनी फर्नांडीस**
- **द पॉवर्टी ऑफ पॉलिटिकल इकोनॉमी : हाउ इकोनॉमिक्स एबंडन्ड द पुअर - मेघनाथ देसाई**

## प्रमुख दिवस/सप्ताह/वर्ष

### जनवरी

- 01 जनवरी – विश्व पारिवारिक दिवस
- 04 जनवरी – विश्व ब्रेल दिवस
- 9 जनवरी – भारतीय प्रवासी दिवस
- 10 जनवरी – विश्व हिंदी दिवस
- 12 जनवरी – राष्ट्रीय युवा दिवस
- 14 जनवरी – पूर्व सैनिक दिवस (वेटरन्स डे)
- 15 जनवरी – भारतीय सेना दिवस
- 23 जनवरी – पराक्रम दिवस (सुभाष चंद्र बोस की जयंती)
- 24 जनवरी – राष्ट्रीय बालिका दिवस/अन्तरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस
- 25 जनवरी – राष्ट्रीय मतदाता दिवस/राष्ट्रीय पर्यटन दिवस
- 30 जनवरी – शहीद दिवस/कुष्ठ रोग निवारण दिवस

### फरवरी

- **01 फरवरी** – भारतीय तटरक्षक बल स्थापना दिवस
- **02 फरवरी** – विश्व वेटलैंड्स (आर्द्रभूमि) दिवस
- **04 फरवरी** – विश्व कैंसर दिवस
- **10 फरवरी** – विश्व दलहन दिवस, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस
- **11 फरवरी** – विश्व यूनानी दिवस
- **12 फरवरी** – राष्ट्रीय उत्पादकता दिवस
- **13 फरवरी** – विश्व रेडियो दिवस, राष्ट्रीय महिला दिवस
- **20 फरवरी** – विश्व सामाजिक न्याय दिवस
- **21 फरवरी** – अन्तरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस
- **28 फरवरी** – राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

# राष्ट्रीय घटनाक्रम

## राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन

- केंद्र सरकार ने 19,744 करोड़ रुपए लागत के राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य भारत को हरित हाइड्रोजन के उपयोग, उत्पादन और निर्यात के लिए 'वैश्विक केंद्र' बनाना है। यह हरित हाइड्रोजन के व्यावसायिक उत्पादन को प्रोत्साहित करने और भारत को ईंधन का शुद्ध निर्यातक बनाने हेतु एक कार्यक्रम है। यह मिशन हरित हाइड्रोजन मांग में वृद्धि लाने के साथ-साथ इसके उत्पादन, उपयोग और निर्यात को बढ़ावा देगा।

**उद्देश्यः-**

- वर्ष 2030 तक भारत में लगभग 125 GW (गीगावाट) की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता विकसित करने के साथ-साथ प्रतिवर्ष कम-से-कम 5 MMT (मिलियन मीट्रिक टन) की हरित हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता का विकास करना।
- इसके तहत कुल 8 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश कर 6 लाख नौकरियां सृजित करना अपेक्षित है।
- इसके अतिरिक्त इसके परिणामस्वरूप जीवाश्म ईंधन के आयात में एक लाख करोड़ रुपए से अधिक की शुद्ध कमी के साथ-साथ वार्षिक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में लगभग 50 मीट्रिक टन की कमी आएगी।
- **हरित हाइड्रोजनः-** हाइड्रोजन प्रमुख औद्योगिक ईंधन है जिसके अमोनिया (प्रमुख उर्वरक), स्टील, रिफाइनरियों और विद्युत उत्पादन सहित विभिन्न प्रकार के अनुप्रयोग हैं। हालांकि इस प्रकार निर्मित सभी हाइड्रोजन को तथाकथित 'ब्लैक या ब्राउन' हाइड्रोजन कहा जाता है क्योंकि वे कोयले से उत्पन्न होते हैं। हाइड्रोजन ब्रह्मांड में सबसे प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है लेकिन शुद्ध हाइड्रोजन की मात्रा अत्यंत ही कम है। यह लगभग हमेशा ऑक्सीजन के साथ H2O, अन्य यौगिकों में मौजूद होता है। लेकिन जब विद्युत धारा जल से गुजरती है, तो यह इलेक्ट्रोलिसिस के माध्यम से इसे मूल ऑक्सीजन और हाइड्रोजन में खंडित करती है। यदि इस प्रक्रिया के लिए उपयोग की जाने वाली विद्युत का स्रोत, पवन या सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोत हैं तो इस प्रकार उत्पादित हाइड्रोजन को हरित हाइड्रोजन कहा जाता है। हाइड्रोजन से जुड़े रंग हाइड्रोजन अणु को प्राप्त करने के लिये प्रयुक्त बिजली के स्रोत को इंगित करते हैं। उदाहरण के लिए यदि कोयले का उपयोग किया जाता है, तो इसे ब्राउन हाइड्रोजन कहा जाता है।

## टीकाकरण के लिए 'U-WIN'

- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने Co Win App की सफलता के बाद 11 जनवरी, 2023 को 'U-WIN' एप लॉन्च किया है। यह एप देश की महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण के डिजिटल रिकॉर्ड रखने के लिए तैयार किया गया है। प्रारम्भ में इस कार्यक्रम की शुरुआत 65 जिलों में की गई है।

## आयुर्वेद हेतु स्मार्ट कार्यक्रम

- आयुष मंत्रालय के तहत दो प्रमुख संस्थानों- भारतीय चिकित्सा प्रणाली के लिए राष्ट्रीय आयोग (NCISM) और केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (CCRAS) ने स्कोप फॉर मेनस्ट्रीमिंग आयुर्वेद रिसर्च इन टीचिंग प्रोफेशनल्स (SMART) कार्यक्रम शुरू किया है। स्मार्ट कार्यक्रम का उद्देश्य आयुर्वेद कॉलेजों और अस्पतालों के माध्यम से वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम का आयुर्वेद के क्षेत्र में अनुसंधान पर गहरा दीर्घकालिक कायाकल्प प्रभाव पड़ेगा तथा यह राष्ट्र के लिए एक महान सेवा होगी। इसका उद्देश्य ऑस्टियो आर्थराइटिस, आयरन की कमी वाले एनीमिया, क्रोनिक ब्रोंकाइटिस, डिस्लिपिडेमिया, रुमेटीइड आर्थराइटिस, मोटापा, मधुमेह मेलेटस, सोरायसिस, सामान्यीकृत चिंता विकार, गैर-अल्कोहल फैटी लीवर रोग सहित स्वास्थ्य अनुसंधान क्षेत्रों में नवीन अनुसंधान तरीकों की पहचान, सहयोग और प्रचार करना है।

## द रेजिस्फ्रंट पर प्रतिबंध

- केंद्र सरकार ने गैर-कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत द रेजिस्फ्रंट को एक आतंकी संगठन घोषित किया है। द रेजिस्फ्रंट आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए ऑनलाइन माध्यम से युवाओं की भर्ती कर रहा था। द रेजिस्फ्रंट गैर-कानूनी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक प्रॉक्सी गुट के रूप में वर्ष 2019 में अस्तित्व में आया। यह संगठन जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों के विस्तार, आतंकियों की भर्ती करने, इनकी घुसपैठ कराने और पाकिस्से हथियारों तथा मादक पदार्थों की में संलिप्त है। द रेजिस्फ्रंट का कमांडर शेख सज्जाद गुल एक कुख्यात आतंकवादी है।

## पहला पांडुलिपि संग्रहालय

- केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में विश्व का ताड़ के पत्तों का पहला पांडुलिपि संग्रहालय स्थापित किया गया है। इस संग्रहालय में भारत की भूमि पर यूरोपीय शक्तियों को पराजित करने वाले एशिया के पहले साम्राज्य त्रावणकोर की कहानियों को प्रदर्शित किया गया है, साथ ही यहां 19वीं सदी के अंत तक लगभग 650 वर्षों तक शासन करने वाले त्रावणकोर साम्राज्य के प्रशासनिक, सामाजिक-सांस्कृतिक और आर्थिक पहलुओं की झलक देखी जा सकेगी। संग्रहालय में त्रावणकोर साम्राज्य के जटिल भूमि प्रबंधन, ऐतिहासिक घोषणाओं एवं अंतरराष्ट्रीय समझौतों के बारे में जानकारी उपलब्ध है।

## डार्क स्काई सेंचुरी

- लद्दाख के हानले में दक्षिण-पूर्व एशिया की पहली डार्क स्काई सेंचुरी का निर्माण किया जा रहा है। वर्तमान में विश्व में मात्र 16 डार्क स्काई सेंचुरी विद्यमान हैं और इनमें से अधिकतर संयुक्त राज्य अमेरिका में हैं। डार्क स्काई सेंचुरी अंधेरी रात में तारे देखने के लिए संरक्षित क्षेत्र है। लेह जिले के हानले में डार्क स्काई सेंचुरी पूरी घाटी में फैली है। तारों एवं ग्रहों को देखने के लिए गामा और ऑप्टिकल टेलिस्कोप लगाए गए हैं। यहां डार्क स्काई सेंचुरी स्थापित होने से इंडियन एस्ट्रानिमिकल आब्जर्वेटरी विश्व पटल पर आ जाएगी। इससे न सिर्फ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, अपितु तारों, आकाश गंगा, ग्रहों के बारे में बेहतर आंकड़े मिल सकेंगे, साथ ही पर्यटन क्षेत्र को भी गति मिलेगी।

## जगा मिशन

- वर्ल्ड हैबिटेट अवाड्र्स 2023 के विजेताओं में ओडिशा के जगा मिशन को भी शामिल किया गया है। यह पुरस्कार वर्ल्ड हैबिटेट द्वारा प्रदान किया जाता है और इसे यूएन-हैबिटेट के साथ साझेदारी में आयोजित किया जाता है। वर्ल्ड हैबिटेट संयुक्त राष्ट्र के सार्वजनिक सूचना विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त एक चैरिटी संगठन है। जगा मिशन ओडिशा में सबसे बड़ी भू-स्वामित्व और झुग्गी उन्नयन योजना है तथा विश्व में सबसे बड़ी योजनाओं में से एक है। वर्ष 2017 से जगा मिशन का उद्देश्य शहरी गरीबों के रहन-सहन में सुधार करना और सामाजिक समानता को बढ़ावा देना है। इस महत्त्वाकांक्षी परियोजना का नेतृत्त्व ओडिशा सरकार के आवास और शहरी विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है एवं इसका उद्देश्य ओडिशा को भारत का पहला झुग्गी-मुक्त राज्य बनाना है।

## पीएम-किसान के तहत विरण धनराशि में वृद्धि

- खपत को बढ़ावा देने के लिए केंद्र पीएम-किसान योजना के तहत किसानों को आय सहायता आगामी बजट में 6,000 रुपए प्रतिवर्ष से बढ़ाकर 8,000 रुपए प्रतिवर्ष करने का निर्णय लिया गया है। PM-किसान योजना के तहत प्रत्येक किसान को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (DBT) से जुड़े बैंक खाते में तीन समान किस्तों में सालाना 6000 रुपए की राशि हस्तांतरित की जाती है, चाहे उसकी भूमि कुछ भी हो। योजना की शुरुआत (वर्ष 2019 में) के समय लाभार्थियों की संख्या 31 मिलियन थी, जो अब 110 मिलियन के आंकड़े को पार कर गई है। PM-किसान एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है; तथापि लाभार्थी किसान परिवारों की पहचान करने की पूरी जिम्मेदारी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है।

## अमृत उद्यान

- आजादी के अमृत महोत्सव की थीम को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने जनवरी, 2023 में राष्ट्रपति भवन के मुगल गार्डन का नाम बदलकर 'अमृत उद्यान' कर दिया है। वर्ष 1917 में बागबानी के निदेशक विलियम मस्टो के सहयोग से सर एडविन लुटियंस द्वारा मुगल गार्डन के डिजाइन को अंतिम रूप दिया गया था।

## लद्दाख शिंकू ला सुरंग

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने लद्दाख में सभी मौसम में सम्पर्क सुविधा

प्रदान करने के लिए 'शिंकू ला सुरंग' के निर्माण को 15 फरवरी, 2023 को मंजूरी दी है। करीब 16 हजार फीट ऊंचाई पर मनाली-दारचा-पदम-नीमू अक्ष पर सामरिक और राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से इस 4.1 किमी. लम्बी सुरंग का निर्माण सीमा सड़क संगठन द्वारा किया जाएगा।

## वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम

- केन्द्र सरकार ने 4800 करोड़ रुपए की 'वाइब्रेंट विलेज योजना' को मंजूरी प्रदान की है। यह योजना देश के उत्तरी भूमि सीमा के साथ 19 जिलों और 46 सीमा ब्लॉकों, 4 राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश में लागू की जाएगी। कार्यक्रम के पहले चरण में 663 गांवों को शामिल किया गया है। इसके तहत आवश्यक अवसंरचना विकास व आजीविका के अवसरों के निर्माण के लिए धन प्रदान किया जाएगा, जिससे समावेशी विकास हासिल करने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसंख्या को बनाए रखने में सहायता मिलेगी।

## जादुई पिटारा

- केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप 3-8 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए खेल आधारित शिक्षण अध्यापन सामग्री 'जादुई पिटारा' 20 फरवरी 2023 को लॉन्च की। यह 13 भाषाओं में उपलब्ध है।

## विधि आयोग का कार्यकाल बढ़ाया

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने भारत के 22वें विधि आयोग का कार्यकाल 31 अगस्त 2024 तक बढ़ाने की मंजूरी प्रदान की है। विधि आयोग उन कानूनों की पहचान करने के लिए अनिवार्य है जो 'अब प्रासंगिक नहीं हैं' और उन्हें निरस्त करने की सिफारिश करते हैं।
- **यह भी जानें:-** भारत का विधि आयोग समय-समय पर भारत सरकार द्वारा गठित एक गैर-सांविधिक निकाय है। पहला विधि आयोग वर्ष 1834 में 1833 के चार्टर अधि नियम द्वारा ब्रिटिश राज के दौरान स्थापित किया गया था और इसकी अध्यक्षता लॉर्ड मैकाले ने की थी। स्वतंत्र भारत का पहला विधि आयोग 1955 में तीन वर्ष के कार्यकाल के लिए स्थापित किया गया था।

## भारत की नाभिकीय ऊर्जा क्षमता

- भारत की नाभिकीय ऊर्जा क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2021-22 तक यह बढ़कर 47,112 मिलियन यूनिट हो गई थी। वर्ष 2017 में सरकार ने एक साथ 11 घरेलू 7,000 मेगावाट क्षमता वाले दबावयुक्त भारी जल रिएक्टरों के निर्माण को मंजूरी दी थी।
- **यह भी जानें:-** नाभिकीय ऊर्जा भारत के लिये विद्युत का पांचवां सबसे बड़ा स्रोत है जो देश में कुल विद्युत उत्पादन में लगभग 3% योगदान देती है। भारत के देशभर में 7 विद्युत संयंत्रों में 22 से अधिक नाभिकीय रिएक्टर हैं जो 6780 मेगावाट नाभिकीय ऊर्जा का उत्पादन करते हैं। इसके अलावा जनवरी 2021 में एक रिएक्टर, काकरापार नाभिकीय ऊर्जा परियोजना (KAPP-3) को भी ग्रिड से जोड़ दिया गया है। दबावयुक्त भारी जल रिएक्टर (PHWRs) की संख्या 18 है और 4 हल्के जल रिएक्टर (LWRs) हैं।

## आधार नम्बर से वोटर आईडी लिंक

- निर्वाचन आयोग के अनुसार, भारत के 94.5 करोड़ मतदाताओं में से 60% से अधिक मतदाताओं ने अपने आधार नंबर को मतदाता पहचान पत्र से जोड़ा है।
- त्रिपुरा में आधार लिंकिंग दर उच्चतम है, इस राज्य में 92% से अधिक मतदाताओं ने निर्वाचन आयोग के साथ अपना आधार विवरण साझा किया है।
- आधार लिंकिंग दर में लक्षद्वीप दूसरे और मध्य प्रदेश तीसरे स्थान पर है, जहां क्रमश: 91% एवं 86% से अधिक मतदाताओं ने आधार संख्या को मतदाता पहचान पत्र से जोड़ा है।
- दक्षिणी राज्यों में राष्ट्रीय औसत की तुलना में आधार पंजीकरण का अनुपात कम है, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में यह दर 71% है, तमिलनाडु तथा केरल में यह क्रमश: लगभग 63% और 61% है।
- गुजरात में मतदाताओं का आधार पंजीकरण सबसे कम है, केवल 31.5% मतदाताओं ने आधार को अपने मतदाता पंजीकरण से लिंक किया है।
- साथ ही दिल्ली में 34% से भी कम मतदाताओं के आधार मतदाता पहचान पत्र से जुड़े (लिंक्ड) हुए हैं।

## महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र

- वित्त मंत्री ने फरवरी, 2023 में केंद्रीय बजट में महिलाओं और लड़कियों के लिए एक नई बचत योजना 'महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र' की घोषणा की। इस योजना में जमा राशि पर दो वर्ष के लिए 7.5 प्रतिशत की निश्चित

दर से ब्याज मिलेगा। योजना के तहत किसी महिला या बालिका के नाम पर धनराशि जमा की जा सकती है। इसके तहत अधिकतम जमा राशि दो लाख रुपए रखी गई है तथा इसमें कोई कर लाभ नहीं है, लेकिन इस योजना में आंशिक निकासी की अनुमति है। बजट 2023 में घोषित यह योजना दो वर्ष की अवधि के लिए यानी मार्च 2025 तक उपलब्ध रहेगी। यह अधिक-से-अधिक महिलाओं को औपचारिक वित्तीय बचत साधनों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

## मैंग्रोव के लिए मिष्टी पहल

- केंद्रीय बजट 2023-24 में समुद्र तट के किनारे और लवणीय भूमि पर मैंग्रोव वृक्षारोपण के लिए 'तटीय पर्यावास एवं ठोस आमदनी हेतु मैंग्रोव पहल' (Mangrove Initiative for Shoreline Habitats & Tangible Incomes-MISHTI) की घोषणा की गई है। इससे पहले भारत UNFCCC COP27 के दौरान लॉन्च किए गए 'जलवायु के लिये मैंग्रोव गठबंधन' में शामिल हुआ था। यद्यपि मैंग्रोव ग्रह की सतह के केवल 0.1% हिस्से को कवर करते हैं, वे संभावित रूप से स्थलीय वनों की तुलना में प्रति हेक्टेयर 10 गुना अधिक कार्बन स्टोर कर सकते हैं। वे तूफान के खिलाफ एक प्राकृतिक बाधा के रूप में कार्य कर तटीय समुदायों की रक्षा करते हैं। भारत वन स्थिति रिपोर्ट-2021 के अनुसार, भारत का कुल मैंग्रोव कवर क्षेत्र 4,992 वर्ग किमी.(कुल भौगोलिक क्षेत्र का 0.15%) है। भारत ने पिछली शताब्दी के दौरान अपने मैंग्रोव कवर का 40% हिस्सा खो दिया, केरल ने पिछले 3 दशकों में अपने मैंग्रोव का 95% हिस्सा खो दिया।

## विशाखापत्तनः आन्ध्रप्रदेश की राजधानी

- आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य की नई राजधानी विशाखापत्तनम होगी। अविभाजित आंध्र प्रदेश की राजधानी हैदराबाद अब तेलंगाना की राजधानी है जिसे दोनों राज्य अस्थायी रूप से राजधानी के रूप में अब तक साझा कर रहे हैं। वर्ष 2020 में आंध्र प्रदेश विध ानसभा ने आंध्र प्रदेश विकेंद्रीकरण एवं सभी क्षेत्रों का समावेशी विकास विधेयक पारित किया। विधेयक का उद्देश्य राज्य सरकार की तीन राजधानियों की योजना को आकार देना है- विशाखापत्तनम में कार्यकारी, अमरावती में विधायी और कुरनूल में न्यायिक राजधानी। वर्ष 2022 में आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को राज्य की राजधानी अमरावती का निर्माण तथा विकास करने का निर्देश दिया। हालाँकि अमरावती को विकसित करने हेतु भूमि देने वाले किसानों द्वारा दायर याचिकाओं के कारण इस मुद्दे को सर्वोच्च न्यायालय के अंतिम निर्णय का इंतजार है।

## सिकल सेल रोग

- केंद्रीय बजट 2023-24 में भारत सरकार ने वर्ष 2047 तक सिकल सेल एनीमिया (SCD) को खत्म करने के लिए एक मिशन की घोषणा की है। SCD एक पुरानी एकल जीन बीमारी है, जो रक्ताल्पता, तीव्र दर्द का अनुभव और पुरानी चोट तथा जीवनकाल में कमी के कारण एक दुर्बल प्रणालीगत सिंड्रोम का कारण बनता है।

## इरुला जनजाति

- इरुला समुदाय के दो लोगों वडिवेल गोपाल तथा मासी सदाइयां को पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिसने इरुला स्नेक कैचर्स औद्योगिक सहकारी समिति पर ध्यान केंद्रित किया है। यह औद्योगिक सहकारी समिति देश में प्रमुख साँप विष (एएसवी) उत्पादकों में से एक है। विशेषज्ञ साँप पकड़ने वाले गोपाल और सदाइयां इस सहकारी समिति का हिस्सा रहे हैं। इरुला विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (PVTG) हैं, जो भारत के सबसे पुराने स्वदेशी समुदायों में से एक है। इरुला जनजाति तमिलनाडु के उत्तरी जिलों तिरुवलुर (बड़ी संख्या में), चेंगलपट्टू, कांचीपुरम, तिरुवान्नामलाई तथा केरल के वायनाड, इडुक्की, पलक्कड़ आदि जिलों में बड़ी संख्या में निवास करती है। इस जनजातीय समूह की उत्पत्ति दक्षिण-पूर्वी एशिया और ऑस्ट्रेलिया के जातीय समूहों से हुई है। ये इरुला भाषा बोलते हैं जो कन्नड़ और तमिल की तरह द्रविड़ भाषा से संबंधित है। इरुला जनजाति के लोग पारंपरिक रूप से साँप और चूहे पकड़ते हैं लेकिन ये मजदूरी भी करते हैं। अनुभव एवं सहज ज्ञान से आदिवासी लोग यह जानते हैं कि साँप कहाँ छिपते हैं। वे साँपों के निशान, गंध और मल के आधार पर भी उनका पता लगा सकते हैं।

## प्रधानमंत्री मुद्रा योजना

- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (PMMY) को भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015 में लॉन्च किया गया था। यह लघु व्यवसाय उद्यमों के लिए 10 लाख रुपए तक संपार्श्विक-मुक्त संस्थागत ऋण प्रदान करता है। इस ऋण का उपयोग विनिर्माण, व्यापार, सेवा क्षेत्र और कृषि में आय-अर्जक गतिविधियों हेतु किया जा सकता है।

- **PMMY के तहत तीन ऋण उत्पाद हैं:-** 1. शिशु (50,000 रुपए तक का ऋण), 2. किशोर (50,000 रुपए और 5 लाख रुपए के बीच ऋण), 3. तरुण (5 लाख रुपए से 10 लाख रुपए के बीच ऋण)।
- **चर्चा में क्यों:-** PMMY के तहत रोजगार सृजन का आकलन करने हेतु श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर किए गए नमूना सर्वेक्षण के अनुसार इस योजना ने लगभग 3 वर्षों की अवधि (वर्ष 2015 से वर्ष 2018 तक)के दौरान 1.12 करोड़ शुद्ध अतिरिक्त रोजगार का सृजन करने में मदद की है। पिछले तीन वित्तीय वर्षों में राजस्थान राज्य में दिए गए 81 लाख ऋणों में से 52 लाख से अधिक महिला उद्यमियों को प्रदान किए गए, जो कुल ऋणों का 64% है।

### द. भारत की पहली औद्योगिक गलियाना परियोजना

- भारत के प्रधानमंत्री ने चेन्नई-बेंगलूरू औद्योगिक गलियारा (CBIC) के अंतर्गत 8500 एकड़ भूमि में फैले तुमकुरु में कार्यान्वित होने वाली दक्षिण भारत की पहली औद्योगिक कॉरिडोर परियोजना की आधारशिला रखी। तुमकुरु औद्योगिक टाउनशिप की योजना पीएम-गतिशक्ति के सिद्धांतों के अनुरूप बनाई गई है ताकि आर्थिक क्षेत्र के लिए अंतिम मील मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जा सके। भारत सरकार (NICD और कार्यान्वयन ट्रस्ट के माध्यम से) तथा कर्नाटक सरकार प्रोजेक्ट स्पेशल पर्पज व्हीकल (SPV) के माध्यम से तुमकुरु जिले के वसंतनरसापुरा में 3 चरणों में औद्योगिक टाउनशिप का विकास कर रही है। राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास (NICD) कार्यक्रम के तहत 11 औद्योगिक गलियारों के अंतर्गत 32 ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट शहरों को विश्व स्तरीय प्लग-एन-प्ले बुनियादी ढाँचे के साथ विकसित किया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना

- बजट 2023-24 में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मान (Prime Minister&Vishwakarma Kaushal samman-PM VIKAS) योजना की घोषणा की गई है। इस योजना के माध्यम से सरकार द्वारा पारंपारिक कलाकारों और शिल्पकारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी, जिसके लिए सरकार इस योजना के तहत शिल्पकारों को एमएसएमई सेक्टर का हिस्सा बनाएगी। साथ ही उन्हें एमएसएमई मूल्य श्रृंखला के साथ संग्लग्न करते हुए उत्पादों की गुणवत्ता, पैमाने और पहुँच में सुधार करने में सक्षम बनाएगी। इस योजना के माध्यम से अलग-अलग पारंपारिक कौशल को बढ़ावा दिया जाएगा, जिसके लिए उन्हें ट्रेनिंग और फंडिंग प्रदान करने के साथ ही तकनीकी सुविधाओं से भी लाभान्वित किया जाएगा। इसमें अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों, महिलाओं एवं कमजोर वर्गों पर अधिक ध्यान केंद्रित किया गया है। विश्वकर्मा समुदाय के अंतर्गत देश के 140 से ज्यादा जातियाँ आती हैं जो कि देश की एक बड़ी आबादी को कवर करती हैं।

### ऑपेरशन दोस्त

- भारत ने 'ऑपरेशन दोस्त' के तहत भूकंप प्रभावित तुर्किये की मदद के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (National Disaster Response Force- NDRF) के कर्मियों, आवश्यक वस्तुओं और चिकित्सा उपकरणों को लेकर अपना छठा विमान भेजा है। छठी उड़ान में बचाव दल, डॉग स्क्वायड और आवश्यक दवाएं शामिल हैं। ऑपरेशन दोस्त के तहत भारतीय सेना द्वारा तुर्किये के हटाय प्रान्त में एक फील्ड अस्पताल स्थापित किया गया है। ज्ञात हो कि 6 फरवरी, 2023 को रिक्टर पैमाने पर 7.7 की तीव्रता के भूकंप ने तुर्किये और सीरिया को प्रभावित किया है, इसके बाद कई आफ्टर शॉक्स भी देखे गए, जिससे दोनों देशों में भारी तबाही के साथ जानमाल की क्षति तथा बुनियादी ढाँचे को नुकसान पहुँचा। इससे पहले NDRF को इसी तरह के दो अंतरराष्ट्रीय अभियानों- वर्ष 2011 में जापान ट्रिपल डिजास्टर (भूकंप, सुनामी और परमाणु संकट) एवं वर्ष 2015 में नेपाल में आए भूकंप हेतु भेजा गया था।

### सामाजिक विकास आयोग

- भारत को वर्ष 2023 में सामाजिक विकास आयोग के 62वें सत्र के अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। यह घोषणा सामाजिक विकास आयोग की 13वीं पूर्ण बैठक-61वें सत्र में की गई। 62वें सत्र के लिए सत्र का प्राथमिकता विषय 'सतत् विकास के लिए 2030 एजेंडा के कार्यान्वयन पर प्रगति में तेजी लाने और गरीबी उन्मूलन के व्यापक लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु सामाजिक नीतियों के माध्यम से सामाजिक विकास एवं सामाजिक न्याय को बढ़ावा देना' तय किया गया है।
- **यह भी जानें:-** सामाजिक विकास आयोग उन प्रमुख आयोगों में से एक है, जिन्हें कोपेनहेगन घोषणा और कार्रवाई, कार्यक्रम की निगरानी एवं संचालन का काम

सौंपा गया है। यह संयुक्त राष्ट्र के छह मुख्य अंगों में से एक आर्थिक तथा सामाजिक परिषद (ECOSOC) द्वारा स्थापित किया गया था। आयोग का लक्ष्य ECOSOC को सलाह देना है, विशेष रूप से उन सामाजिक मुद्दों पर जो संयुक्त राष्ट्र के विशेष अंतर-सरकारी संगठनों द्वारा नहीं निपटाए जाते हैं। कोपेनहेगन घोषणा और कार्रवाई कार्यक्रम को वर्ष 1995 में सामाजिक विकास के लिए विश्व शिखर सम्मेलन के दौरान अपनाया गया था, जो विकास के केंद्र में लोगों को रखने की आवश्यकता पर एक नई आम सहमति का प्रतिनिधित्त्व करता है।

### अनुभूति समावेशी पार्क

- केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने महाराष्ट्र के नागपुर में विश्व के सबसे बड़े और अनोखे दिव्यांग पार्क - अनुभूति समावेशी पार्क की आधारशिला रखी। यह विश्व का पहला समावेशी दिव्यांग पार्क है जिसका निर्माण सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा किया गया है। दिव्यांगों के साथ-साथ आम जनता और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विभिन्न परियोजनाओं की परिकल्पना की गई है। पार्क में सभी 21 प्रकार की दिव्यांगताओं हेतु अनुकूलित सुविधाएं होंगी, इसमें टच एंड स्मेल गार्डन, हाइड्रोथेरेपी यूनिट, वाटर थेरेपी तथा मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों एवं माताओं के लिए स्वतंत्र कक्ष जैसी सुविधाएँ होंगी। वर्ष 2016 में केंद्र सरकार ने दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों के लिए दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम को पारित किया। यह कानून दिव्यांगों को सम्मान के साथ जीने का अधिकार प्रदान करता है। केंद्र सरकार ने इस पहल के तहत दक्षिण भारत और मध्य प्रदेश में भी कुछ दिव्यांग पार्क बनाए हैं।

## चर्चित स्थान

### सम्मेद शिखरजी पर्वत क्षेत्र

- सम्मेद शिखरजी झारखंड के गिरिडीह जिले में पारसनाथ की पहाड़ी पर स्थित है। इस क्षेत्र को अन्तरराष्ट्रीय महत्व वाला पर्यटन स्थल घोषित किए जाने के खिलाफ जैन समान ने विरोध किया था। इसके बाद केन्द्र सरकार ने यहां पर्यटन गतिविधियों को लागू करने पर रोक लगा दी है।

### याया त्सो झील

- याया त्सो झील को चुमाथांग गाँव की पंचायत जैवविविधता प्रबंधन समिति ने सिक्योर हिमालय परियोजना के साथ मिलकर जैवविविधता अधिनियम के तहत लद्दाख का पहला जैवविविधता विरासत स्थल घोषित किया। यह झील लद्दाख में 4,820 मीटर की ऊँचाई पर स्थित अपनी खूबसूरती के साथ पक्षियों के लिए स्वर्ग के रूप में जानी जाती है। यह बड़ी संख्या में बार-हेडेड गूज, काली गर्दन वाली क्रेन और ब्राह्मणी बत्तख जैसे पक्षियों तथा जानवरों का आवास है। यह भारत में काली गर्दन वाले क्रेन के उच्चतम प्रजनन स्थलों में से एक है।
- **यह भी जानें:**- सिक्योर हिमालय परियोजना भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की योजना है जिसे संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के सहयोग से वर्ष 2017 में प्रारंभ किया गया था। यह एक 6 वर्षीय परियोजना है तथा वर्ष 2023 तक कार्यरत रहेगी। यह हिमालयी पारिस्थितिक तंत्र के लिए एक क्षेत्र-आधारित दृष्टिकोण विकसित और कार्यान्वित करके हिम तेंदुए एवं उसके आवास के संरक्षण हेतु सरकार के प्रयासों का समर्थन करती है। इसके अंतर्गत वन, भूमि, मृदा, जैवविविधता तथा भूमि संरक्षण को भी शामिल किया गया है। इस परियोजना के अंतर्गत 4 हिमालयी राज्य जम्मू-कश्मीर (अब केंद्रशासित प्रदेश), हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और सिक्किम आते हैं।

## चर्चित व्यक्ति

### अब्देल फतेह अल-सिसी

- अब्देल फतेह अल-सिसी मिस्र के राष्ट्रपति हैं, जो भारत के 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि रहे। यह पहली बार है जब मिस्र के किसी राष्ट्रपति को यह सम्मान दिया गया है।

## नियुक्तियाँ

### पंकज कुमार सिंह

- बीएसएफ के सेवानिवृत्त डीजी पंकज कुमार सिंह को 17 जनवरी, 2023 को दो साल के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया गया है। राजस्थान कैडर के 1988 बैच के आईपीएस अधिकारी पंकज कुमार सिंह को पुनर्नियोजन अनुबंध पर नियुक्त किया गया है। वर्तमान में दत्तात्रय पडसलगिकर, राजिंदर खन्ना और पंकज सरन भी उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में कार्य कर रहे हैं।

### प्रवीण शर्मा

- प्रवीण शर्मा को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन) का निदेशक नियुक्त किया गया है।

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार शर्मा को पदभार ग्रहण करने की तिथि से या अगले आदेश तक पांच वर्ष की अवधि के लिए केंद्रीय कर्मचारी योजना के तहत पद पर नियुक्त किया गया है।

- **यह भी जानें:-** राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY)' नामक भारत की सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजना को लागू करने के लिए जिम्मेदार शीर्ष निकाय है। राष्ट्रीय स्तर पर PM-JAY को लागू करने के लिए NHA की स्थापना की गई थी। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की शुरुआत 27 सितम्बर, 2021 को पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा की गई थी। इसका उद्देश्य सभी भारतीय नागरिकों को अस्पतालों, बीमा फर्मों और आवश्यकता पड़ने पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक पहुँचने में मदद करने हेतु डिजिटल स्वास्थ्य आईडी प्रदान करना है। यह न केवल अस्पतालों की प्रक्रियाओं को सरल बनाता है बल्कि जीवन की सुगमता को भी बढ़ाता है।

### बीपीआर सुब्रमण्यम

- भारत सरकार के पूर्व वाणिज्य सचिव बीवीआर सुब्रमण्यम को नीति आयोग का नया मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है। वे इस पद पर परमेश्वर अयर का स्थान लेंगे, जिन्हें विश्व बैंक का एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। सुब्रमण्यम दो वर्ष तक नीति आयोग के सीईओ रहेंगे।

## निधन

### बालकृष्ण दोशी

- वास्तुविद् बालकृष्ण दोशी (95) का 24 जनवरी 2023 को निधन हो गया। वर्ष 2018 में उन्हें वास्तुकला के सर्वोच्च प्रित्जकर पुरस्कार से नवाजा गया था।

### के विश्वनाथ

- दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित फिल्म निर्माता कसीनाधुनी विश्वनाथ का 2 फरवरी 2023 को निधन हो गया। उन्हें वर्ष वर्ष 2016 में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

### कनक रेले

- शास्त्रीय नृत्य की महान हस्ती कनक रेले जिन्हें मोहिनीअट्टम (केरल राज्य का शास्त्रीय नृत्य रूप) के प्रतिपादक के रूप में भी जाना जाता है, का फरवरी, 2023 में निधन हो गया। उन्हें केरल सरकार के पहले गुरु गोपीनाथ राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

## पुरस्कार

### सुभाष चन्द्र बोब आपदा प्रबंधन पुरस्कार

- ओडिशा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और लुंगलेई फायर स्टेशन, मिजोरम को संस्थागत श्रेणी में आपदा प्रबंधन में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2023 हेतु चुना गया है। पुरस्कार के तहत किसी संस्था को प्रमाण पत्र तथा 51 लाख रुपए का नकद पुरस्कार और व्यक्ति के मामले में प्रमाण पत्र तथा 5 लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाता है।

### पद्म अलंकरण- 2023

- कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, व्यापार एवं उद्योग, चिकित्सा, साहित्य एवं शिक्षा, खेलकूद तथा नागरिक सेवाओं के क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए 26 जनवरी, 2023 को 9 लोगों को पद्म विभूषण, 9 पद्म भूषण व 91 पद्मश्री दिए जाने की घोषणा की गई। इनमें तीन युगल पुरस्कार शामिल हैं। सूची में 19 महिलाएं हैं। साथ ही 7 व्यक्ति ऐसे हैं जिन्हें मरणोपरान्त यह सम्मान प्रदान किया गया है।

**पद्म विभूषण**

| नाम | क्षेत्र | राज्य |
|---|---|---|
| बालकृष्ण दोशी (मरणोपरान्त) | वास्तुकला | गुजरात |
| जाकिर हुसैन | कला | महाराष्ट्र |
| एस.एम. कृष्णा | जनसेवा | कर्नाटक |
| दिलीप महालानाबिस (मरणोपरान्त) | चिकित्सा | प. बंगाल |
| श्रीनिवास वर्धन | विज्ञान एवं अभियांत्रिकी | यूएसए |
| मुलायम सिंह यादव (मरणोपरान्त) | जनसेवा | उत्तर प्रदेश |

**पद्म भूषण**

| नाम | क्षेत्र | राज्य |
|---|---|---|
| एस.एल. भीरप्पा | साहित्य एवं शिक्षा | कर्नाटक |

| | | |
|---|---|---|
| ▪ कुमार मंगलम बिड़ला | व्यापार एवं उद्योग | महाराष्ट्र |
| ▪ दीपक धर | विज्ञान एवं अभियांत्रिकी | महाराष्ट्र |
| ▪ वाणी जयराम | कला | तमिलनाडु |
| ▪ स्वामी चिन्ना जीयर | अध्यात्म | तेलंगाना |
| ▪ सुमन कल्याणपुर | कला | महाराष्ट्र |
| ▪ कपिल कपूर | साहित्य एवं शिक्षा | दिल्ली |
| ▪ सुधा मूर्ति | समाज सेवा | कर्नाटक |
| ▪ कमलेश डी पटेल | अध्यात्म | तेलंगाना |

## पद्म श्री :-

| ▪ **नाम** | **क्षेत्र** | **राज्य** |
|---|---|---|
| ▪ डॉ. सुकमा आचार्य | अध्यात्म | हरियाणा |
| ▪ जोधाबाई बैगा | कला | एमपी |
| ▪ प्रेमजीत बरिया | कला | दादरा नागर हवेली तथा दमन दीव |
| ▪ उषा बरले | कला | छत्तीसगढ़ |
| ▪ मुनीश्वर चंद्दावर | चिकित्सा | एमपी |
| ▪ हेमंत चौहान | कला | गुजरात |
| ▪ भानुभाई चितारा | कला | गुजरात |
| ▪ हेमप्रभा चुटिया | कला | गुजरात |
| ▪ नरेन्द्र चंद्र देबबर्मा (मरणोपरान्त) | जनसेवा | त्रिपुरा |
| ▪ सुभद्रा देवी | कला | बिहार |
| ▪ खादर वल्ली दुदेकुला | विज्ञान एवं अभियांत्रिकी | कर्नाटक |
| ▪ हेमचंद्र गोस्वामी | कला | असम |
| ▪ प्रीतिकना गोस्वामी | कला | प. बंगाल |
| ▪ राधाचरण गुप्ता | साहित्य एवं शिक्षा | यूपी |
| ▪ मोदादुगु विजय गुप्ता | विज्ञान एवं अभियांत्रिकी | तेलंगाना |
| ▪ **अहमद हुसैन, मोहम्मद हुसैन (संयुक्त)** | **कला** | **राजस्थान** |
| ▪ दिलशाह हुसैन | कला | यूपी |
| ▪ भीखू रामजी इदाते | सामाजिक कार्य | महाराष्ट्र |
| ▪ सी आई इसाक | साहित्य एवं शिक्षा | केरल |
| ▪ रतन सिंह जग्गी | साहित्य एवं शिक्षा | पंजाब |
| ▪ बिक्रम बहादुर जमातिया | सामाजिक कार्य | त्रिपुरा |
| ▪ रामकुइवांगबे जेने | सामाजिक कार्य | असम |
| ▪ राकेश झुनझुनवाला (मरणोपरान्त) | व्यापार एवं उद्योग | महाराष्ट्र |
| ▪ रतन चंद्र कार | चिकित्सा | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह |
| ▪ महिपत कवि | कला | गुजरात |
| ▪ एम.एम. कीरावानी | कला | आन्ध्रप्रदेश |
| ▪ अरीज खंबाटा (मरणोपरान्त) | व्यापार एवं उद्योग | गुजरात |
| ▪ परशुराम कोमाजी खुने | कला | महाराष्ट्र |
| ▪ गणेश नागप्ता कृष्णराजनगर | विज्ञान एवं अभियांत्रिकी | आन्ध्रप्रदेश |
| ▪ मागुनी चरण कुंआर | कला | ओडिशा |
| ▪ आनंद कुमार | साहित्य एवं शिक्षा | बिहार |
| ▪ अरविंद कुमार | विज्ञान एवं अभियांत्रिकी | यूपी |

| | | |
|---|---|---|
| ▪ डोमर सिंह कुंवर | कला | छत्तीसगढ़ |
| ▪ रिसिंगबोर कुर्कालांग | कला | मेघालय |
| ▪ हीराबाई लोबी | सामाजिक कार्य | गुजरात |
| ▪ **मूलचंद लोढ़ा** | **सामाजिक कार्य** | **राजस्थान** |
| ▪ रानी मचाईया | कला | कर्नाटक |
| ▪ अजय कुमार मंडावी | कला | छत्तीसगढ़ |
| ▪ प्रभाकर भानुदास मंडे | साहित्य एवं शिक्षा | महाराष्ट्र |
| ▪ गजानन जगन्नाथ माने | सामाजिक कार्य | महाराष्ट्र |
| ▪ अंतर्यामी मिश्रा | शिक्षा एवं साहित्य | ओडिशा |
| ▪ एन पी मुनीवेंकटप्पा | कला | कर्नाटक |
| ▪ प्रो. महेन्द्र पाल | विज्ञान एवं इंजीनियरिंग | गुजरात |
| ▪ उमा शंकर पांडे | सामाजिक कार्य | यूपी |
| ▪ रमेश परमान और शांति परमार (संयुक्त) | कला | एमपी |
| ▪ डॉ. नलिनी पार्थसारथी | चिकित्सा | पुड्डुचेरी |
| ▪ हनुमंतराव पसुपुलेटी | चिकित्सा | तेलंगाना |
| ▪ रमेश पतंगे | कला | महाराष्ट्र |
| ▪ कृष्णा पटेल | कला | ओड़िशा |
| ▪ के. कल्याण सुंदरम पिल्लई | कला | तमिलनाडु |
| ▪ वी पी ए पोडवाल | सामाजिक कार्य | केरल |
| ▪ कपिल देव प्रसाद | कला | बिहार |
| ▪ एसआरडी प्रसाद | खेल | केरल |
| ▪ शाह रशीद अहमद कादरी | कला | कर्नाटक |
| ▪ सीवी राजू | कला | आन्ध्रप्रदेश |
| ▪ बक्शी राम | विज्ञान एवं इंजीनियरिंग | हरियाणा |
| ▪ सी के रमन | कृषि | केरल |
| ▪ सुजाता रामदुरई | विज्ञान एवं इंजीनियरिंग | कनाडा |
| ▪ ए एन राव | विज्ञान एवं इंजीनियरिंग | आन्ध्रप्रदेश |
| ▪ परेश भाई राठवा | कला | गुजरात |
| ▪ बी रामकृष्ण रेड्डी | साहित्य एवं शिक्षा | तेलंगाना |
| ▪ मंगला कांति राय | कला | पश्चिम बंगाल |
| ▪ के सी रनरैमसांगी | कला | मिजोरम |
| ▪ वी गोपाल और मांसी सदाईयां (संयुक्त) | सामाजिक कार्य | तमिलनाडु |
| ▪ मनोरंजन साहू | चिकित्सा | यूपी |
| ▪ पी के साहू | कृषि | ओड़िशा |
| ▪ रित्विक सान्याल | कला | यूपी |
| ▪ के एस शास्त्री | कला | आन्ध्रप्रदेश |
| ▪ एस सी शेखर | सामाजिक कार्य | आन्ध्रप्रदेश |
| ▪ के एस शर्मा | खेल | मणिपुर |
| ▪ नेकराम शर्मा | कृषि | हिमाचल प्रदेश |
| ▪ गुरुचरण शर्मा | खेल | दिल्ली |
| ▪ **लक्ष्मण सिंह** | **सामाजिक कार्य** | **राजस्थान** |
| ▪ मोहन सिंह | साहित्य एवं शिक्षा | जम्मू और कश्मीर |
| ▪ टी सी सिंह | लोक मामले | मणिपुर |

| | | |
|---|---|---|
| ▪ प्रकाश चन्द्र सूद | साहित्य एवं शिक्षा | आन्ध्रप्रदेश |
| ▪ एन सोरही | कला | नगालैंड |
| ▪ डॉ. जे. सिंह राय | साहित्य और शिक्षा | झारखंड |
| ▪ के टी एन सी स्टॉजिन | अध्यात्म | लद्दाख |
| ▪ एन सुब्बारमन | पुरातत्व | कर्नाटक |
| ▪ एम सुबोंग | कला | नगालैंड |
| ▪ पी के सुंदरम | सामाजिक कार्य | तमिलनाडु |
| ▪ रवीना रवि टंडन | कला | महाराष्ट्र |
| ▪ वी पी तिवारी | साहित्य एवं शिक्षा | यूपी |
| ▪ धनीराम टोटो | साहित्य एवं शिक्षा | पश्चिम बंगाल |
| ▪ तुलाराम उप्रेती | कृषि | सिक्किम |
| ▪ गोपालसामी वेलुचेमी | चिकित्सा | तमिलनाडु |
| ▪ डॉ. ईश्वर चंद वर्मा | चिकित्सा | दिल्ली |
| ▪ सी एन वाडिया | कला | महाराष्ट्र |
| ▪ करमा वांगचु (मरणोपरान्त) | सामाजिक कार्य | अरुणाचल प्रदेश |
| ▪ गुलाम मोहम्मद जाज | कला | जम्मू और कश्मीर |

## जी.डी. बिड़ला पुरस्कार

वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए दिया जाने वाला घनश्यामदास बिड़ला पुरस्कार वर्ष 2022 के लिए प्रोफेसर नीलेश बी. मेहता को देने की घोषणा 4 जनवरी 2023 को की गई। बेंगलूरु स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस के इलेक्ट्रिकल कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग में कार्यरत प्रो. मेहता को यह पुरस्कार वॉयरलेस कम्युनिकेशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु दिया गया है।




### अंडमान-निकोबाद द्वीपों के नाम वीरों के नाम पर

- देश के 21 परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के 21 बड़े अज्ञात द्वीपों का नामकरण पराक्रम दिवस के अवसर पर 23 जनवरी, 2023 को किया गया। इनमें राजस्थान के दो परमवीर चक्र विजेता पूर्व सैनिक - पीरू सिंह शेखावत और मेजर शैतान सिंह शामिल हैं।

### प्रदेश के 4 शहरों में 5जी सेवा

- प्रदेश के 4 शहरों-जयपुर, जोधपुर, उदयपुर और कोटा में 7 जनवरी, 2023 से रिलायंस जियो की 5जी इंटरनेट सेवा की शुरुआत हुई। इससे फास्ट स्पीड से इंटरनेट मिलेगा। कंपनी का दावा है कि इसमें 1000 एमबीपीएस की स्पीड मिलेगी।

### राष्ट्रीय भारत स्कॉउट-गाइड की जम्बूरी

- राष्ट्रीय भारत स्काउट एण्ड गाइड जम्बूरी-2023 का आयोजन 4-10 जनवरी, 2023 को पाली के रोहट में किया गया। जम्बूरी का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने किया। इस 18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में सभी क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन के लिए राजस्थान को 'सर्वश्रेष्ठ राज्य' का पुरस्कार प्रदान किया गया। जम्बूरी की थीम 'शांति के साथ प्रगति' तथा प्रोमो गीत 'पाली धरा पर लाग्यो मेलो' थी।

### राष्ट्रपति ने किया संविधान पार्क का उद्घाटन

- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने 3 जनवरी, 2023 को राजभवन में संविधान उद्यान का उद्घाटन किया। राजभवन आने वालों को संविधान और उससे जुड़ी संस्कृति के बारे में जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से बनाए गए संविधान पार्क के आर्किटेक्ट अनूप बरतरिया हैं। प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर 3-4 जनवरी को पधारी राष्ट्रपति मुर्मू ने यहां एसजेवीएन लिमिटेड की 1000 मेगावाट की 'बीकानेर सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट' की आधारशिला रखी।

### अंधता नियंत्रण पॉलिसी

- राजस्थान सरकार ने 'राइट टू साइट विजन' के उद्देश्य से 'अंधता नियंत्रण पॉलिसी' लागू की है। राजस्थान ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य है। इसके तहत अंधता प्रसार दर को 0.3 प्रतिशत तक लाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे।

### तीन जिलों में स्थापित होंगे 11 सोलर ऊर्जा प्लांट

- राजस्थान से गुजरने वाले अमृतसर भटिंडा-जामनगर एक्सप्रेस वे के किनारे राज्य के तीन जिलों- हनुमानगढ़, बीकानेर और जोधपुर में 11 सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित किए जाएंगे। कुल 27.43 मेगावाट के ये प्लांट 'सौर कृषि आजीविका योजना (पीए कुसुम)' के तहत हनुमानगढ़ के कोल्हा, बीकानेर के मलसीसर, गोपल्यान रोड, नौरंगदेसर एव रासीसर गांव तथा जोधपुर के भीकमकोर गांव में स्थापित किए जाएंगे।

### बीकानेर सौर ऊर्जा परियोजना

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राजस्थान में SJVN की 1000 मेगावाट बीकानेर सौर ऊर्जा परियोजना की आधारशिला रखी। यह परियोजना SJVN लिमिटेड द्वारा अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अधीनस्थ कंपनी SJVN ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (SGEL) के माध्यम से निष्पादित की जा रही है। यह परियोजना राजस्थान के बीकानेर जिले के बांदेरवाला गाँव के समीप 5000 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही है, जो देश में सूर्य की सर्वाधिक उपलब्धता वाले क्षेत्रों में से एक है। परियोजना की निष्पादन लागत 5492 करोड़ रुपए है और इस परियोजना के लिए 44.72 लाख रुपए प्रति मेगावाट की व्यवहार्यता अंतराल अनुदान (Viability Gap Funding& VGF) सहायता भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (IREDA) द्वारा प्रदान की जा रही है। परियोजना मार्च 2024 तक चालू होने हेतु प्रस्तावित है। इस परियोजना के शुरू होने के पश्चात् प्रथम

वर्ष में 2454.55 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन होगा और 25 वर्षों की अवधि में लगभग 56838 मिलियन यूनिट संचयी विद्युत उत्पादन होगा।

### कोटा में विज्ञान केन्द्र और तारामंडल

- प्रदेश के पहले विज्ञान केन्द्र और तारामंडल का निर्माण कोटा में किया जाएगा। यह विश्व के सर्वश्रेष्ठ विज्ञान केन्द्रों और तारामंडलों में शुमार होगा। इसके लिए 13 फरवरी, 2023 को केन्द्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद और राजस्थान सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के बीच सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए।

## चर्चित स्थान

### भादवावाला

- श्रीगंगानगर जिले में ग्राम पंचायत भादवावाला पहली 'चिरंजीवी ग्राम पंचायत' घोषित की गई है। इस पंचायत के सभी परिवार 'मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना' से जुड़ गए हैं।

## नियुक्ति

### जस्टिस रामसिंह झाला

- राज्यपाल कलराज मिश्र ने पूर्व न्यायाधीश रामसिंह झाला को राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग में सदस्य नियुक्त किया है। इस सम्बन्ध में 12 जनवरी, 2023 को आदेश जारी किए गए। वर्तमान में आयोग में जस्टिस गोपाल कृष्ण व्यास अध्यक्ष और महेश गोयल सदस्य हैं।
- **यह भी जानें**:- मानव अधिकार संरक्षण (संशोधित) अधिनियम, 2006 के अनुसार राज्य मानव अधिकार आयोग में एक अध्यक्ष एवं दो सदस्यों का प्रावधान है।

### गुलाब चंद कटारिया

- राजस्थान में भाजपा के वरिष्ठ नेता गुलाब चंद कटारिया को असम का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संदीप मेहता ने उन्हें 22 फरवरी, 2023 को शपथ दिलाई। कटारिया ने इस पद पर जगदीश मुखी का स्थान लिया है।

### एम.एल. लाठर

- राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रदेश के पूर्व डीजीपी मोहन लाल लाठर को राजस्थान राज्य सूचना आयोग में सदस्य नियुक्त किया है। मुख्य सूचना आयुक्त देवेन्द्र भूषण गुप्ता ने 16 जनवरी, 2023 को पद की शपथ दिलाई। आयोग में अन्य सदस्य हैं-राजेन्द्र प्रसाद बरबड़, लक्ष्मण सिंह राठौड़ एवं शीतल धनकड़।

## पुरस्कार

### अमृत सम्मान

- राजस्थान साहित्य अकादमी द्वारा प्रदेश के 8 रचनाधर्मियों को 28 जनवरी, 2023 को अमृत सम्मान प्रदान किया गया।
- **इन्हें मिला सम्मान**:- डॉ. सुलोचना रांगेय राघव, पुष्पा शरद देवड़ा, डॉ. कल्याण प्रसाद वर्मा, ग्यारसीलाल सेन, लक्ष्मीनारायण रंगा, सरल विशारद, शिव कुमार शर्मा, मधुप तथा भारती भावसार।
- **यह भी जानें**:- हिन्दी भाषा, साहित्य, शिक्षा, साक्षरता, पत्रकारिता आदि की सेवा करने वाली 75 वर्ष से अधिक आयु के साहित्यकार, जिनको इससे पहले अकादमी का कोई भी सम्मान या पुरस्कार प्रदान नहीं किया गया है, उन्हें 31 हजार रुपए नकद का अमृत सम्मान प्रदान किया जाता है।



# राजस्थान सुजस सार (जनवरी-2023)

**राज्य सरकार के चार वर्ष की विकास प्रदर्शनी**

- राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में 17 से 21 दिसम्बर, 2023 तक पांच दिवसीय राज्य स्तरीय विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सुजस एप, सुजस बुलेटिन, सुजस ई-बुलेटिन एवं सुजस पॉडकास्ट 'आवाज' का लोकार्पण किया।
- **चिरंजीवी योजना से मिल रहा निःशुल्क उपचार:-** मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत प्रदेश में 10 लाख रुपए तक का निःशुल्क उपचार मिल रहा है। साथ ही 5 लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा भी दिया जा रहा है।
- **ईआरसीपी परियोजना :-** राज्य के 13 जिलों में आमजन व किसानों के लिए पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरपीसी) अत्यन्त महत्वपूर्ण है। गत बजट में राज्य सरकार द्वारा ईआरपीसी के लिए 9600 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।
- **आयोजना एवं सांख्यिकी विभाग:-** प्रदेश में अब तक करीब 1 करोड़ 94 लाख परिवारों का जन आधार नामांकन किया जा चुका है। इस योजना से करीब 7 करोड़ 54 लाख लोग लाभान्वित हो रहे हैं। अब तक लगभग 51 हजार 728 करोड़ से अधिक की नकद राशि इस योजना के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में हस्तांतरित की गई है। साथ ही 70 लोक कल्याणकारी योजनाओं एवं 33 सेवाओं का लाभ जनआधार के जरिए उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी प्रकार 'पहचान' पोर्टल के माध्यम से जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन का कार्य सरलता से हो रहा है।
- **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज:-** प्रदेश में मनरेगा में पिछले 4 वर्ष में 13 लाख 58 हजार कार्य पूर्ण किए गए, जिन पर 31 हजार करोड़ रुपए से अधिक राशि खर्च हुई। राजस्थान मनरेगा में पिछले तीन वित्तीय वर्ष से लगातार मानव दिवस सृजन एवं 100 कार्य दिवस पूर्ण करने वाले परिवारों के मामले में देशभर में अव्वल है।
- **महिला एवं बाल विकास विभाग:-** इंदिरा गांधी मातृत्व पोषण योजना राज्य के टीएसपी क्षेत्र के पांच जिलों में सफलता प्राप्त करने के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा वर्ष 2022-23 में इस योजना का विस्तार करते हुए इसे राज्य के सभी जिलों में लागू किया गया, जिसे 1 अप्रेल, 2022 से सम्पूर्ण प्रदेश में लागू किया गया।
- **उद्योग एवं वाणिज्य विभाग:-** मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना के तहत 25 लाख रुपए तक के कर्ज पर 8 प्रतिशत, 5 करोड़ तक 6 प्रतिशत और 10 करोड़ तक के कर्ज पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जा रहा है। पिछले चार साल में विभाग द्वारा 146 करोड़ रुपए का ब्याज अनुदान देते हुए 4 हजार 763 करोड़ का कर्ज वितरित किया जा चुका है।
- हाल ही में शुरू की गई मुख्यमंत्री लघु वाणिज्यिक वाहन स्वरोजगार योजना के तहत 18 से 47 वर्ष के युवाओं को 15 लाख रुपए तक के लघु वाणिज्यिक वाहन खरीदने पर राज्य सरकार द्वारा 60 हजार रुपए या वाहन की ऑन रोड कीमत का 10 प्रतिशत ( जो भी कम हो) अनुदान दिया जा रहा है। प्रदेश के 3300 युवाओं को स्वरोजगार योजना के तहत लाभ दिया जाएगा। अब तक 1200 से अधिक आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं।

**83वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन**

- राज्यसभा, लोकसभा और देश के विभिन्न राज्यों के विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारियों व सचिवों का सम्मेलन 10 से 13 जनवरी 2023 तक राजस्थान विधानसभा में आयोजित किया गया। 11 व 12 जनवरी को 83वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन आयोजित हुआ। ज्ञात हो कि प्रदेश में यह सम्मेलन चौथी बार आयोजित हुआ है। इससे पूर्व वर्ष 1957, 1978 व 2011 में जयपुर में आयोजित हो चुका है। 83वां अखिल भारतीय पीठासीन

अधिकारी सम्मेलन में निम्नलिखित विषयों पर चर्चा हुई:-

- लोकतंत्र की जननी के रूप में जी-20 में भारत का नेतृत्व।
- संसद और विधानमंडलों को अधिक प्रभारी, जवाबदेह और उपयोगी बनाने की आवश्यकता।
- डिजिटल संसद के साथ राज्य विधानमंडलों को जोड़ना
- संविधान के आदेशों के अनुरूप विधायिका और न्यायपालिका के बीच सौहार्द्रपूर्ण सम्बन्ध बनाए रखने की आवश्यकता।

इन विषयों पर विचार-विमर्श के बाद निम्न 9 संकल्प पारित किए गए:-

1. भारत की जी-20 की अध्यक्षता पर भारत को लोकतंत्र की जननी के रूप में प्रस्तुत करने के बारे में संकल्प पारित किया गया।
2. शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धान्त में आस्था
3. आदर्श समरूप नियम प्रक्रियाएं
4. विधानमंडलों की सभाओं में व्यवधान उत्पन्न नहीं करना
5. समितियों और कार्यपालिका के कार्यों की समीक्षा
6. राज्य विधानमंडलों के कार्य प्रबंधन में वित्तीय स्वायत्तता।
7. राष्ट्रीय डिजिटल ग्रिड
8. उत्कृष्ट विधायिका पुरस्कार
9. समाज के सभी वर्गों को संवैधानिक प्रावधानों तथा विधायी नियमों और प्रक्रियाओं की शिक्षा।

## राष्ट्रीय स्काउट एवं गाइड जम्बूरी

- पाली जिले के निम्बली गांव में राष्ट्रीय स्काउट एवं गाइड जम्बूरी का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने 4 जनवरी, 2023 को जम्बूरी का उद्घाटन किया। जम्बूरी में 34500 से अधिक स्काउट, गाइड, रोवर्स और रेंजर्स के साथ-साथ बांग्लादेश, सउदी अरब, श्रीलंका, घाना, मलेशिया, नेपाल, केन्या आदि देशों के 400 से ज्यादा स्काउट ने हिस्सा लिया। ज्ञात हो कि राजस्थान में दूसरी बार राष्ट्रीय स्काउट एवं गाइड जम्बूरी का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि भारत स्काउट-गाइड ने अपने संगठन के अन्तर्गत देश में 52 राज्य बना रखे हैं।

## एमएसएमई नीति

- राज्य सरकार ने प्रदेश में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) नीति 2022 जारी की। राज्य के कुल उद्यमों में से करीब 98 फीसदी एमएसएमई श्रेणी में आते हैं। नीति का लक्ष्य कुल 10,000 करोड़ रुपए के निवेश से 20,000 नई एमएसएमई इकाइयों की स्थापना और एक लाख लोगों के लिए रोजगार पैदा करना है। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना शुरू की है, जिसके तहत 10 करोड़ रुपए तक के कर्ज पर 5 से 8 फीसदी तक की ब्याज सब्सिडी मुहैया कराई जा रही है।
- प्लांट एवं मशीनरी पर एक करोड़ रुपए तक के निवेश एवं 5 करोड़ तक के सालाना करोबार वाली इकाइयां 'सूक्ष्म इकाई' मानी जाती है। प्लांट एवं मशीनरी पर दस करोड़ रुपए तक के निवेश एवं 50 करोड़ तक के सालाना करोबार वाली इकाइयां 'लघु इकाई' मानी जाती है। प्लांट एवं मशीनरी पर 50 करोड़ रुपए तक के निवेश एवं 250 करोड़ तक के सालाना करोबार वाली इकाइयां 'मध्यम इकाई' मानी जाती है।

## देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण योजना

- प्रदेश में अति पिछड़ा वर्ग की बालिकाओं में शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा इस योजना की शुरुआत की गई। 12वीं परीक्षा में 50 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं और वे राजस्थान के राजकीय महाविद्यालयों, राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में स्नातक डिग्री प्रथम वर्ष में प्रवेश लेकर नियमित अध्ययनरत हैं, उन्हें 1500 स्कूटी वरीयता के आधार पर नि:शुल्क वितरित की जाती है। शेष छात्राओं को प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की जाती है। राज्य सरकार के द्वारा योजना के अन्तर्गत अब तक 2484 स्कूटी का वितरण किया जा चुका है। बजट घोषणा 2022 के अनुसार इनकी वार्षिक संख्या 1500 से बढ़ाकर 2463 की जाएगी।

## पालनहार योजना

- पालनहार योजना में आर्थिक सहायता राशि अनाथ श्रेणी व अन्य श्रेणी के उन बच्चों को दी जाती है जिनकी अधिकतम आयु 18 वर्ष से कम हो। राज्य सरकार ने पालनहार योजना में 6 वर्ष तक की आयु वर्ग के अनाथ बच्चों को मिलने वाली सहायत राशि 500 से बढ़ाकर 1500 रुपए प्रतिमाह और 6-18 वर्ष के आयु वर्ग के अनाथ बच्चों के लिए 1000 से बढ़ाकर 2500 रुपए प्रतिमाह कर दी है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अब तक 1813.29 करोड़ रुपए व्यय कर 6.51 लाख बच्चों को योजना के अन्तर्गत लाभान्वित किया गया है।

## राजस्थान जन आधार योजना

- राजस्थान जन आधार योजना की शुरुआत 18 दिसम्बर, 2019 को हुई। 1 मई, 2022 से राज्य में जन आधार कार्ड को ही राशन कार्ड घोषित कर दिया गया है।

## शेरगढ़ किला

- बारां जिले में कोषवर्धन पर्वत शिखर पर स्थित शेरगढ़ किला एक जल दुर्ग है। यह परवन नदी से घिरा है। शेरगढ़ किले में सोमनाथ महादेव मंदिर, लक्ष्मीनारायण मंदिर, दुर्गा मंदिर व चारभुजा मंदिर हैं। किले की पास ही रानी पोखरा नाम का तालाब है।

## अन्य महत्वपूर्ण तथ्य

- घर-घर औषधि योजना के तहत गत दो वर्षों में 6.45 करोड़ औषधीय पौधों का वितरण किया जा चुका है।
- उड़ान योजना में 1.51 करोड़ महिलाओं/किशोरियों को सेनेटरी नैपकिन वितरित किए जा रहे हैं। महिलाओं एवं बालिकाओं के समग्र कल्याण के लिए 'राजस्थान राज्य महिला नीति 2021 जारी की गई है।
- पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव का आयोजन 6-15 जनवरी, 2023 को जोधपुर में किया गया।
- पर्यटन विभाग की ओर से 13-15 जनवरी, 2023 को बीकानेर में ऊंट उत्सव का आयोजन किया गया।
- राज्य सरकार ने 17 सितम्बर, 2022 को प्रदेश की पहली 'हस्तशिल्प नीति' जारी की। यह नीति 31 मार्च 2026 तक प्रभारी रहेगी।
- राजस्थान सरकार ने 13 सितम्बर, 2023 को 'जन सूचना पोर्टल' की शुरुआत की।
- स्वतंत्रता सेनानी ठाकुर केसरी सिंह बारहठ की 150वीं जयंती पर भीलवाड़ा के शाहपुरा में पेनोरमा निर्माण के लिए राज्य सरकार ने 4 करोड़ रुपए की प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।
- चेतावनी रा चुंगटा - केसरी सिंह बारहठ
- वीर भारत सभा (1910) - केसरी सिंह बारहठ



# रक्षा/विज्ञान प्रौद्योगिकी

### के-9 वज्र

- रक्षा मंत्रालय ने 100 और K9-वज्र ट्रैक्ड सेल्फ-प्रोपेल्ड होवित्जर तोपों की खरीद के लिए प्रक्रिया की है। K9-वज्र 155 मिमी, 52 कैलिबर ट्रैक्ड सेल्फ-प्रोपेल्ड होवित्जर (कम वेग पर उच्च प्रक्षेपपथ पर गोले दागने के लिए एक छोटी तोप) है, जिसे लार्सन एंड टुब्रो (L&T) द्वारा भारत में बनाया गया है। इसमें दक्षिण कोरियाई रक्षा प्रमुख हनवा डिफेंस से इसके K9 थंडर के आधार पर प्रौद्योगिकी हस्तांतरित की गई है। K9 थंडर प्लेटफॉर्म पूरी तरह से वेल्डेड स्टील कवच सुरक्षा सामग्री से बना है।
- **यह भी जानें**:- K9-वज्र को मुख्य रूप से रेगिस्तान में उपयोग के लिए खरीदा गया था, लेकिन भारत-चीन गतिरोध ने उन्हें पहाड़ों में भी तैनात करने के लिए प्रेरित किया। यह सुनिश्चित करने के लिए कि ये प्रणालियां पहाड़ों की अत्यधिक ठंड की स्थिति में बेहतर प्रदर्शन करती हैं, सेना ने तैनात रेजिमेंट के लिए विंटराइजेशन किट भी खरीदे हैं।

### सैन्य रणक्षेत्रम् 2.0

- भारतीय सेना के सेना प्रशिक्षण कमान मुख्यालय द्वारा अक्टूबर 2022 से जनवरी 2023 तक 'सैन्य रणक्षेत्रम् 2.0' नाम से हैकथॉन के दूसरे संस्करण का आयोजन किया गया। सैन्य रणक्षेत्रम् 2.0 का लक्ष्य परिचालन संबंधित साइबर चुनौतियों का समाधान तलाशना, साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में अभिनव समाधानों को तत्काल शुरू करना और इसके विकास में लगने वाले समय को कम करना है। साथ ही इसका लक्ष्य साइबर प्रतिरोध, सुरक्षा सॉफ्टवेयर कोडिंग, इलेक्ट्रो मैग्नेटिक स्पेक्ट्रम परिचालन एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/मशीन लर्निंग के क्षेत्र में प्रशिक्षण मानक को बढ़ावा देना भी था।

### एके-203 राइफल

- भारत और रूस ने संयुक्त रूप से अमेठी, उत्तर प्रदेश के एक कारखाने में AK-203 राइफल्स का निर्माण शुरू कर दिया है। ज्ञात हो कि रूस और भारत के बीच दिसम्बर 2021 में 6,01,427 असॉल्ट राइफल्स की खरीद के लिए अमेठी में कोरवा आयुध कारखाने के माध्यम से एक समझौता हुआ था। इस संबंध में भारत और रूस के बीच 5,124 करोड़ रुपए की डील हुई थी।
- **यह भी जानें**:- AK-203 असॉल्ट राइफल को AK-47 राइफल का नवीनतम तथा सबसे अद्यतन संस्करण माना जाता है। यह AK-100 राइफल वर्ग का 7.62×39 मिमी. संस्करण है। यह भारतीय लघु हथियार प्रणाली (INSAS) 5.56×45 मिमी. असॉल्ट राइफल का स्थान लेगी, जिसका उपयोग वर्तमान में अन्य सुरक्षा बलों के अलावा सेना, नौसेना तथा वायु सेना द्वारा किया जा रहा है।

### पृथ्वी-2 मिसाइल

- भारत ने ओडिशा तट पर चांदीपुर एकीकृत परीक्षण रेंज से दूर परीक्षण रेंज से 10 जनवरी, 2023 को सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल पृथ्वी-II का सफल परीक्षण किया। पृथ्वी-II देश में विकसित सतह-से-सतह पर मार करने वाली शॉर्ट-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल (SRBM) है, जिसकी रेंज लगभग 250-350 किमी. है और यह एक टन पेलोड ले जाने में सक्षम है। पृथ्वी-II वर्ग एकल-चरण तरल-ईंधन वाली मिसाइल है, जिसमें 500-1000 किग्रा. की वारहेड माउंटिंग क्षमता है। यह एक प्रमाणित मिसाइल है जिसमें उच्च सटीकता के साथ लक्ष्यों को भेदने की क्षमता है।

### वरुण

- भारत और फ्रांस के बीच द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास 'वरुण' का आयोजन 16-20 जनवरी, 2023 को पश्चिमी समुद्र तट पर किया गया। दोनों नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय अभ्यास का आरंभ वर्ष 1993 में हुआ था, इसे औपचारिक रूप से वर्ष 2001 में 'वरुण' के रूप में चिह्नित किया गया और यह भारत-फ्राँस के बीच रणनीतिक द्विपक्षीय संबंधों की पहचान है। भारत-फ्रांस के बीच आयोजित होने वाले अन्य अभ्यास के अंतर्गत शक्ति (सेना), गरुड़ (वायु सेना) शामिल हैं।

### ऑप्स अलर्ट अभ्यास

- सीमा सुरक्षा बल ने 21-28 जनवरी, 2023 को सरक्रीक (दलदली क्षेत्र) से लेकर कच्छ (गुजरात) और बाड़मेर (राजस्थान) क्षेत्र में भारत-पाकिस्तान सीमा पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए 'ऑप्स अलर्ट' अभ्यास किया। इसका उद्देश्य 'राष्ट्र-विरोधी तत्त्वों के किसी भी इरादे को विफल करना' है।

### ट्रोपेक्स

- भारतीय नौसेना के प्रमुख समुद्री अभ्यास TROPEX का 2023 संस्करण हिंद महासागर क्षेत्र में शुरू किया गया। थिएटर स्तरीय सामरिक तैयारी अभ्यास स्तर का यह अभ्यास द्विवार्षिक रूप से आयोजित किया जाता है और इसमें न सिर्फ भारतीय नौसेना की सभी इकाइयों बल्कि भारतीय थल सेना, भारतीय वायु सेना और तटरक्षक बल से जुड़ी परिसंपत्तियों की भी भागीदारी होती है। ट्रोपेक्स 23, जनवरी से लेकर 23 मार्च तक की तीन महीने की अवधि के दौरान आयोजित किया जा रहा है। इस अभ्यास के हिस्से के रूप में ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स और अन्य सेवाओं के साथ अंतर-संचालनात्मकता सहित नौसेना की संचालन अवधारणा को मान्य एवं परिष्कृत करने हेतु विध्वंसकों, युद्धपोतों, कार्वेट के साथ-साथ पनडुब्बियों तथा विमानों सहित भारतीय नौसेना की सभी लड़ाकू इकाइयों की जटिल समुद्री परिचालन तैनाती की जाती है।

### वीर गार्जियन अभ्यास

- भारतीय वायु सेना और जापान एयर सेल्फ डिफेंस फोर्स के बीच द्विपक्षीय वायु अभ्यास 'वीर गार्जियन 2023' का उद्घाटन संस्करण जनवरी, 2023 में जापान में संपन्न हुआ। यह भारत और जापान का पहला द्विपक्षीय हवाई अभ्यास है। भारत द्वारा जापान के साथ किए जाने वाले अन्य अभ्यासों में धर्म गार्जियन (सैन्य), JIMEX (नौसेना), शिन्यू मैत्री (वायु सेना) और मालाबार (ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका के साथ) शामिल हैं।

### चौटबॉट

- चौटबॉट्स कंप्यूटर प्रोग्राम हैं जिन्हें आमतौर पर टेक्स्ट आधारित इंटरफेस जैसे- मैसेजिंग एप या वेबससाइट्स के माध्यम से मानव उपयोगकर्त्ताओं के साथ बातचीत का अनुकरण करने के लिए डिजाइन किया गया है। वे प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और मशीन लर्निंग एल्गोरिदम के उपयोग के माध्यम से उपयोगकर्त्ता इनपुट को समझकर मानव संचार प्रक्रिया की नकल करते हैं। ग्राहक सेवा में सुधार और दोहराव वाले कार्यों को स्वचालित करने के लिए खुदरा व्यापार, स्वास्थ्य देखभाल, वित्त और मनोरंजन सहित विभिन्न प्रकार के उद्योगों में उनका उपयोग किया जाता है।
- **चर्चा में क्यों:-** माइक्रोसॉफ्ट के बिंग सर्च इंजन के नए संस्करण में अब एक चौटबॉट शामिल है जो स्पष्ट भाषा में प्रश्नों का उत्तर दे सकता है। हालांकि कुछ मामलों में इसके द्वारा उत्पन्न उत्तर गलत, भ्रामक तथा विचित्र हैं।

### दस्तलिक अभ्यास

- भारत और उज्बेकिस्तान की सेनाओं के बीच उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में सैन्य अभ्यास 'दस्तलिक' के चौथे संस्करण का आयोजन 20 फरवरी, 2023 को किया गया। इस अभ्यास को उद्देश्य सेन्य क्षमता को बढ़ाना है।

### धर्म गार्जियन अभ्यास

- भारत और जापान के मध्य संयुक्त सैन्य अभ्यास धर्म गार्जियन का चौथा संस्करण 17 फरवरी से 2 मार्च, 2023 तक जापान में आयोजित किया जा रहा है। यह अभ्यास जापान के साथ एक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है और वर्तमान वैश्विक स्थिति की पृष्ठभूमि में दोनों देशों के सामने आने वाली सुरक्षा चुनौतियों के संदर्भ में अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। यह अभ्यास दोनों देशों के मध्य द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाते हुए भारतीय सेना तथा जापानी ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्सेज के मध्य रक्षा सहयोग के स्तर को और बढ़ाएगा। भारत एवं जापान के मध्य अन्य सैन्य अभ्यास JIMEX (नौसेना), शिन्यु मैत्री (वायु सेना) और अभ्यास वीर गार्जियन हैं।

### त्रिशक्ति प्रहार अभ्यास

- भारतीय सेना ने त्रिशक्ति प्रहार अभ्यास, उत्तर बंगाल में एक संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास (रणनीतिक 'सिलीगुड़ी' गलियारे के करीब) का समापन किया। इस अभ्यास का उद्देश्य सेना, भारतीय वायुसेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल को शामिल कर एकीकृत रूप से नवीनतम हथियारों एवं उपकरणों का उपयोग करते हुए सुरक्षा बलों द्वारा युद्ध की तैयारी का अभ्यास करना था। इस अभ्यास का समापन तीस्ता फील्ड फायरिंग रेंज में एकीकृत अग्नि शक्ति अभ्यास के साथ हुआ। इसमें सेना, भारतीय वायु

सेना और सीएपीएफ के सभी हथियार और सेवाएँ शामिल थीं। सिलीगुड़ी कॉरिडोर या चिकन नेक (पश्चिम बंगाल) बांग्लादेश, भूटान और नेपाल की सीमा से लगी भूमि का एक हिस्सा है, जो लगभग 170◦60 किमी. है, सबसे संकीर्ण स्थान पर यह लगभग 20-22 किमी. चौड़ा है।

**इसरो का SS LV-D2**

- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) का सबसे छोटा यान, लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (Small Satellite Launch Vehicle-SSLV-D2) को दूसरे प्रयास में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा, आंध्र प्रदेश से प्रक्षेपित किया गया। SSLV-D2 को पहली बार अगस्त, 2022 में प्रक्षेपित किया गया था, लेकिन यह उपग्रहों को सटीक कक्षा में स्थापित करने में विफल रहा। इस बार उपकरण में संरचनात्मक परिवर्तन किए गए हैं, साथ ही चरण-2 हेतु पृथक्करण तंत्र में परिवर्तन के साथ ऑन-बोर्ड सिस्टम के लिए तार्किक परिवर्तन किए गए हैं।
- **SSLV-D2 में शामिल उपग्रह:-** SSLV-D2 इसरो के पृथ्वी अवलोकन उपग्रह EOS-07 और दो सह-यात्री उपग्रहों- Janus-1 एवं AzaadiSat-2 को आंतरिक्ष में स्थापित करेगा। Janus-1 एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शक उपग्रह है जिसे संयुक्त राष्ट्र स्थित Antaris और इसके भारतीय भागीदारों XDLinks तथा Ananth Technologies द्वारा बनाया गया है। यह एक सिक्स-यूनिट क्यूब उपग्रह है जिसमें पेलोड की संख्या पांच है - दो सिंगापुर से, एक-एक केन्या, ऑस्ट्रेलिया और इंडोनेशिया से। AzaadiSat-2 एक क्यूब उपग्रह है जिसका वजन लगभग 8 किलोग्राम है और इसमें 75 अलग-अलग पेलोड हैं। देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं को इन पेलोड के निर्माण के लिये मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस पेलोड को 'स्पेस किड्ज इंडिया' की छात्र टीम द्वारा एकीकृत किया गया है।
- **EOS-07:-** यह 156.3 किलोग्राम का उपग्रह है जिसे इसरो द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। इस मिशन का उद्देश्य भविष्य के परिचालन उपग्रहों के लिए माइक्रो सेटेलाइट बसों और नई तकनीकों के साथ संगत पेलोड उपकरणों को डिजाइन एवं विकसित करना है।

**तरकश अभ्यास**

- राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) और संयुक्त राष्ट्र स्पेशल ऑपरेशंस फोर्स (SOF) द्वारा तरकश अभ्यास वर्तमान में चेन्नई में आयोजित किया रहा है। रासायनिक और जैविक युद्ध को विश्व के लिए खतरे के रूप में पहचाने जाने के साथ, आयोजित भारत-अमेरिका संयुक्त अभ्यास में पहली बार रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल एवं नाभिकीय हमलों के प्रति प्रतिक्रिया शामिल है। इस संयुक्त अभ्यास का उद्देश्य आतंकवादियों को तेजी से बेअसर करना, बंधकों को सुरक्षित छुड़ाना और आतंकवादियों द्वारा ले जाए जा रहे रासायनिक हथियारों को निष्क्रिय करना था। CBRN हथियार, जिन्हें सामूहिक विनाश के हथियारों के रूप में भी वर्गीकृत किया गया है, का उपयोग बीते समय में विभिन्न देशों और आतंकवादी समूहों द्वारा किया गया है।

**एचडी-3385**

- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने गेहूं की नई किस्म 'एचडी-3385' विकसित की है। यह जल्दी बुवाई के अनुकूल है और इसे मार्च माह से पूर्व ही काटा जा सकता है।




## हैदराबादः चौथी औद्योगिक क्रान्ति का केन्द्र

- विश्व आर्थिक मंच (WEF) ने जनवरी, 2023 में हैदराबाद, तेलंगाना को चौथी औद्योगिक क्रांति के केंद्र (C4IR) की स्थापना के लिए चुना है। C4IR (Center for the Fourth Industrial Revolution) तेलंगाना एक स्वायत्त, गैर-लाभकारी संगठन होगा जो स्वास्थ्य देखभाल और जीवन विज्ञान पर ध्यान केंद्रित करेगा।
- **चौथी औद्योगिक क्रांतिः-** यह डिजिटल, भौतिक और जैविक दुनिया के बीच की सीमाओं को धुंधला करने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग की विशेषता है, यह डेटा द्वारा संचालित होता है। प्रमुख प्रौद्योगिकियों में क्लाउड कंप्यूटिंग, बिग डेटा, स्वायत्त रोबोट, साइबर सुरक्षा, सिमुलेशन, एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग तथा इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) शामिल हैं। 4IR शब्द वर्ष 2016 में WEF के कार्यकारी अध्यक्ष क्लॉस श्वाब द्वारा गढ़ा गया था।

## दावोस शिखर सम्मेलन 2023

- वार्षिक विश्व आर्थिक मंच शिखर सम्मेलन का 53वाँ संस्करण जनवरी, 2023 में स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित किया गया। इसकी थीम 'खंडित दुनिया में सहयोग' थी।

**सम्मेलन के प्रमुख बिंदुः-**

- ✍ जलवायु पर वाणिज्य मंत्रियों का एक नया गठबंधन शुरू किया गया, जो जलवायु, व्यापार एवं सतत् विकास पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिये 50 से अधिक देशों को एक साथ लाता है। विश्व भर के हितधारकों ने मुक्त व्यापार पर जोर दिया।
- चीफ इकोनॉमिस्ट आउटलुक लॉन्च किया गया था, जिसने एक स्वर में कहा कि सर्वेक्षण में शामिल दो-तिहाई लोगों ने वर्ष 2023 में वैश्विक मंदी की संभावना जताई है। यह आर्थिक परिदृश्य में प्रमुख रुझानों की पड़ताल करता है जिसमें विकास, मुद्रास्फीति तथा मौद्रिक एवं राजकोज़ीय नीति की संभावनाएँ शामिल हैं।
- जलवायु संकट के लिए वित्त पोषण की समस्या को दूर करने हेतु तथा परोपकारी पूंजी का लाभ उठाने के लिए एक नई पहल गिविंग टू एम्पलीफाई अर्थ एक्शन (GAEA) शुरू की गई थी। यह जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण ीय क्षरण से निपटने हेतु सार्वजनिक और निजी स्रोतों से हर साल आवश्यक 3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की मदद करने के लिए लोकोपकारी पूंजी का उपयोग करेगा।
- EF ने अपने स्वयं के मेटावर्स प्लेटफॉर्म के रोलआउट की घोषणा की है, जिसे ग्लोबल कोलेबोरेशन विलेज कहा जाता है। डिजिटल दुनिया, दावोस शहर की तरह दिखने के लिए डिजाइन की गई है जहाँ संगठन की बैठक वर्ष में एक बार होती है, यह विश्व के नेताओं के बीच अधिक कुशल सहयोग को बढ़ावा देती है।
- **वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरमः-** वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) एक स्विस गैर-लाभकारी संस्थान है जिसकी स्थापना वर्ष 1971 में जिनेवा (स्विट्जरलैंड) में हुई थी। स्विस सरकार द्वारा इसे सार्वजनिक-निजी सहयोग के लिए एक अंतरराष्ट्रीय संस्था के रूप में मान्यता प्राप्त है।

## वर्ल्ड इकोनॉमिक सिचुएशन एंड प्रॉस्पेक्ट्स

- संयुक्त राष्ट्र ने जनवरी, 2023 में नई रिपोर्ट वर्ल्ड इकोनॉमिक सिचुएशन एंड प्रॉस्पेक्ट्स 2023 जारी की है, जिसमें कहा गया है कि वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के वर्ष 2022 में 3% से गिरकर वर्ष 2023 में 1.9% होने की संभावना है। वहीं, भारत में विकास दर 5.8% रहने की उम्मीद है, हालाँकि यह वर्ष 2022 में अनुमानित 6.4% से थोड़ा कम है, क्योंकि उच्च ब्याज दर और वैश्विक मंदी निवेश तथा निर्यात पर दबाव डालती है। वर्ष 2024 में भारत 6.7% की दर से विकास करेगा, जो विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। वर्ष 2022 के लिए वार्षिक मुद्रास्फीति दर 7.1% रही। वर्ष 2023 में भारत की मुद्रास्फीति दर घटकर 5.5% होने की उम्मीद है।

### जीडीपी का पहला अग्रिम अनुमान

- राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) ने जनवरी, 2023 में सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का पहला अग्रिम अनुमान (FAE) जारी किया, इसके अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 7% की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

### आरबीआई की रिपोर्ट

- भारतीय रिजर्व बैंक ने जनवरी, 2023 में एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें कहा गया है कि वर्ष 2022-23 में राज्यों का सकल राजकोषीय घाटा (GFD) सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के 3.4% रहने का अनुमान है, जो वर्ष 2020-21 में 4.1% था। इसका कारण व्यापक आर्थिक सुधार और राजस्व संग्रह में वृद्धि है।
- **यह भी जानें:-** 'राज्य वित्त: 2022-23 के बजटों का अध्ययन' शीर्षक वाली रिपोर्ट भारतीय राज्य सरकारों के वित्त की जानकारी, विश्लेषण और मूल्यांकन प्रदान करने वाला एक वार्षिक प्रकाशन है, जिसमें उनके राजस्व और व्यय में रुझान एवं चुनौतियाँ शामिल हैं।

### वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक

- अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने जनवरी, 2023 में अपनी वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (WEO) रिपोर्ट जारी की है, जिसने वर्ष 2023 के लिए; वैश्विक विकास के पूर्वानुमान को अद्यतन किया है। रिपोर्ट में वैश्विक विकास जो वर्ष 2022 में 3.4% अनुमानित था, अब वर्ष 2023 में 2.9% तक गिरावट के बाद वर्ष 2024 में 3.1% तक बढ़ने का अनुमान है।
- वैश्विक मुद्रास्फीति वर्ष 2022 के 8.8% (वार्षिक औसत) से गिरकर वर्ष 2023 में 6.6% और वर्ष 2024 में 4.3% रहने की संभावना है, जो महामारी पूर्व (2017-19) लगभग 3.5% के स्तर से ऊपर थी।
- **भारत के संदर्भ में :-** रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 और 2024 में भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होगा। भारत में विकास दर वर्ष 2022 के 6.8% से घटकर वर्ष 2023 में 6.1% हो जाएगी, जो बाहरी चुनौतियों के बावजूद लचीली घरेलू मांग के साथ वर्ष 2024 में 6.8% तक बढ़ेगी।
- ***IMF:-*** **IMF की कल्पना पहली बार वर्ष 1944 में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा आयोजित ब्रेटन वुड्स सम्मेलन में की गई थी। ब्रेटन वुड्स सम्मेलन के निर्णयानुसार 27 दिसंबर, 1945 को सयुंक्त राज्य अमेरिका के वाशिंगटन शहर में IMF की औपचारिक स्थापना हुई, लेकिन इसने वास्तविक रूप से 01 मार्च, 1947 से कार्य करना प्रारंभ किया। इसका मुख्यालय वाशिंगटन डी.सी. में है। वर्तमान में इसके 189 सदस्य हैं। नौरू गणराज्य 189वां देश है। भारत IMF के संस्थापक सदस्यों में से एक है, यह 27 दिसम्बर, 1945 को IMF में शामिल हुआ। यह एक अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्था है जो अपने सदस्य देशों की वैश्विक आर्थिक स्थिति पर नजर रखने का कार्य करती है।**

### पेरिस क्लब

- पेरिस क्लब ज्यादातर पश्चिमी कर्जदाता देशों का एक समूह है, जिसकी उत्पत्ति वर्ष 1956 में आयोजित बैठक से हुई है जिसमें अर्जेंटीना पेरिस में अपने सार्वजनिक कर्जदाताओं से मिलने हेतु सहमत हुआ था। यह खुद को एक मंच के रूप में वर्णित करता है जहाँ लेनदार देशों द्वारा सामना की जाने वाली भुगतान कठिनाइयों को हल करने हेतु आधिकारिक कर्जदाता बैठक करते हैं। इसका उद्देश्य उन देशों हेतु स्थायी ऋण-राहत समाधान खोजना है जो देश अपने द्विपक्षीय ऋण चुकाने में असमर्थ हैं।
- **चर्चा में क्यों:-** पेरिस क्लब ने हाल ही में श्रीलंका को दिए जाने वाले ऋण पर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष को वित्तीय गारंटी प्रदान करने की घोषणा की है।
- **सदस्य देश:-** ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, कनाडा, डेनमार्क, फिनलैंड, फ्राँस, जर्मनी, आयरलैंड, इजरायल, जापान, नीदरलैंड, नॉर्वे, रूस, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य। ये सभी 22 सदस्यीय आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (OECD) नामक समूह के सदस्य हैं।

### स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम

- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम (SISFS) के तहत 477.25 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है, जो स्टार्टअप इंडिया पहल के अंतर्गत एक प्रमुख योजना है। सीड फंडिंग एक स्टार्टअप या नए व्यवसाय में निवेश का एक प्रारंभिक चरण है। सीड फंडिंग का लक्ष्य कंपनी को एक ऐसे बिंदु तक पहुंचाने में मदद करना है जहाँ यह अतिरिक्त वित्त पोषण को सुरक्षित कर सकता है या आत्मनिर्भर बनने के लिए राजस्व उत्पन्न कर सकता है।

### भारत का राजकोषीय घाटा लक्ष्य

- केंद्रीय बजट 2023-24 में सरकार ने सापेक्ष राजकोषीय विवेक को अपनाने की घोषणा की और वित्त वर्ष 2024

में राजकोषीय घाटे में सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के 5.9% तक की गिरावट का अनुमान लगाया, जो वित्त वर्ष 2023 में 6.4% था। सरकार ने राजकोषीय समेकन के व्यापक पथ का अनुसरण जारी रखने और वर्ष 2025-26 तक राजकोषीय घाटे को 4.5% से नीचे लाने की योजना बनाई है।

### बजट में घाटे की प्रवृत्तियाँ:-

- राजस्व घाटा वित्त वर्ष 2022-23 के 4.1 प्रतिशत (संशोधित अनुमान) की तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 में 2.9 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।
- यदि ब्याज भुगतान को राजकोषीय घाटे से घटाया जाता है जिसे प्राथमिक घाटा कहा जाता है, तो यह वर्ष 2022-23 (संशोधित अनुमान) में सकल घरेलू उत्पाद का 3% था।
- केंद्रीय बजट 2023-24 में प्राथमिक घाटा, जो पिछले ब्याज भुगतान देनदारियों से रहित चालू राजकोषीय रुख को दर्शाता है, GDP का 2.3% अनुमानित है।
- **राजकोषीय घाटा:-** राजकोषीय घाटा सरकार के कुल व्यय और उसके कुल राजस्व (उधार को छोड़कर) के बीच का अंतर है। यह एक संकेतक है जो दर्शाता है कि सरकार को अपने कार्यों को वित्तपोषित करने के लिए किस सीमा तक उधार लेना चाहिए और इसे देश के सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में व्यक्त किया जाता है। ऋण स्तर में वृद्धि, मुद्रा का मूल्यह्रास और मुद्रास्फीति कर्ज के बोझ में वृद्धि का कारण बन सकता है। जबकि कम राजकोषीय घाटा राजकोषीय प्रबंधन और सुचारू अर्थव्यवस्था के सकारात्मक संकेत हैं।

### बजट: विनिवेश की स्थिति और प्राप्ति

- केंद्रीय बजट 2023-24 में सरकार ने 51,000 करोड़ रुपए का विनिवेश लक्ष्य निर्धारित किया है, जो चालू वर्ष के बजट अनुमान से लगभग 21% कम है और संशोधित अनुमान से सिर्फ 1,000 करोड़ रुपए अधिक है। यह सात वर्षों में सबसे कम विनिवेश लक्ष्य भी है।
- **विनिवेश (Disinvestment):-** विनिवेश प्रक्रिया में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में रणनीतिक या वित्तीय खरीदारों को सरकारी हिस्सेदारी की बिक्री शामिल है, जिसे स्टॉक एक्सचेंजों पर शेयरों की बिक्री के माध्यम से या सीधे खरीदारों को शेयरों की बिक्री के माध्यम से किया जाता। विनिवेश से प्राप्त आय का उपयोग विभिन्न सामाजिक और बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए एवं सरकार के राजकोषीय घाटे को कम करने हेतु किया जाता है।

### सकल घरेलू जलवायु जोखिम रैंकिंग

- क्रॉस डिपेंडेंसी इनिशिएटिव (Cross Dependency Initiative-XDI) की सकल घरेलू जलवायु जोखिम रैंकिंग के अनुसार, भारत के 50 सबसे अधिक जोखिम वाले राज्यों में नौ राज्य- पंजाब, बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, केरल और असम शामिल हैं। XDI एक वैश्विक संगठन है जो क्षेत्रों, बैंकों और कंपनियों हेतु जलवायु जोखिम विश्लेषण में विशेषज्ञता रखता है।
- सूचकांक में वर्ष 2050 तक दुनियाभर में 2,600 राज्यों और प्रांतों में इमारतों और संपत्तियों जैसे निर्मित परिवेश के 'भौतिक जलवायु जोखिम' का विश्लेषण किया गया है।

### क्रोनी कैपिटलिज्म

- क्रोनी कैपिटलिज्म एक ऐसा शब्द है जिसका इस्तेमाल पूंजीवादी आर्थिक व्यवस्था का वर्णन करने के लिए किया जाता है जिसमें राजनेताओं और सरकारी अधिकारियों के साथ करीबी संबंध रखने वाले व्यक्ति या व्यवसाय बाजार में अनुचित लाभ हासिल करने के लिए अपने राजनीतिक संबंधों का उपयोग करते हैं।
- **चर्चा में क्यों:-** अडानी-हिंडनबर्ग मुद्दे पर हाल ही में संसद में विपक्ष द्वारा क्रोनी कैपिटलिज्म का आरोप लगाते हुए संयुक्त संसदीय समिति या भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा नामित समिति द्वारा जाँच की मांग की जा रही है।

### भारतीय रिजर्व बैंक ने बढ़ाई रेपो रेट

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने रेपो दर को 25 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.5% कर दिया है, जो लगातार छठी दर वृद्धि है। मौद्रिक नीति समिति (Monetary Policy Committee-MPC) ने चालू वित्त वर्ष (2022-23) में अपनी सबसे हालिया बैठक में 6.4% वास्तविक GDP वृद्धि (वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए) का अनुमान लगाया है।। रेपो रेट वह दर है जिस पर RBI वाणिज्यिक बैंकों को पैसा उधार देता है।

### भवानी

- यूरेनियम 233 का उपयोग करने वाला दुनिया का पहला थोरियम आधारित परमाणु संयंत्र 'भवानी' तमिलनाडु के कलपक्कम में स्थापित किया जा रहा है। केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने 9 फरवरी, 2023 को राज्यसभा में जानकारी दी कि यह पूरी तरह से स्वदेशी और अपनी तरह का पहला संयंत्र होगा।

### भारत सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश

- वर्ष 2021-22 में भारत रिकॉर्ड 22 करोड़ टन दूध उत्पादन के साथ विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश बन गया है। इस वर्ष वैश्विक दुग्ध उत्पादन में भारत का हिस्सा 24 प्रतिशत रहा।
- राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, जिनके पास वित्त मंत्रालय का प्रभार भी है, द्वारा पाँचवीं बार राज्य विधानसभा में राजस्थान का वर्ष 2023-24 का बजट 10 फरवरी, 2022 को प्रस्तुत किया गया।

**राजस्थान बजट - 2023-24**

**आय -व्यय अनुमान**

| मद | राशि ( रू. करोड़ में ) |
|---|---|
| राजस्व प्राप्तियाँ | 2,33,988.00 |
| पूंजीगत प्राप्तियाँ | 1,56,954.97 |
| कुल प्राप्तियाँ | 3,90,942.98 |
| राजस्व व्यय | 2,58,883.68 |
| पूंजीगत व्यय | 1,31,972.80 |
| कुल व्यय | 3,90,856.48 |
| राजस्व घाटा | 24,895.67 |
| बजट आधिक्य | 86.50 |
| राजकोषीय घाटा | 62,771.92 |

**राजस्थान बजट 2023-24 के महत्त्वपूर्ण बिन्दू**

- वित्त वर्ष 2023-24 के राज्य बजट में राजकोषीय घाटा राज्य सकल घरेलू उत्पाद (GSDP) के 3.98 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है।
- **मुख्यमंत्री नि:शुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट:** पैकेट में 1-1 किलो दाल, चीनी व नमक, एक लीटर खाद्य तेल तथा मसाले।
- बीपीएल और पीएम उज्जवला योजना में शामिल निम्न आय वर्ग को सिलेंडर ₹ 500 में उपलब्ध कराए जाएँगे।
- **मुख्यमंत्री नि:शुल्क बिजली योजना:** 100 यूनिट प्रतिमाह तक बिजली उपभोग करने वालों को नि:शुल्क बिजली अन्य घरेलू उपभोक्ताओं को मिल रही छूट-पूर्ववत् रहेगी।
- ₹ 19 हज़ार करोड़ से अधिक के 'महँगाई राहत पैकेज' की घोषणा की गई है।
- **नवीन युवा नीति** की घोषणा। इस नीति के तहत् ₹ 500 करोड़ के युवा विकास एवं कल्याण कोष के गठन का प्रस्ताव।
  - इस कोष के अन्तर्गत ₹ 200 करोड़ दक्षता विकास, कौशल प्रशिक्षण, रोजगार उन्मुखी संसाधन उपलब्ध करानें
  - ₹ 100 करोड़ समग्र व्यक्तित्व विकास तथा
  - ₹ 200 करोड़ शिक्षा छात्रवृत्ति सम्बन्धित संसाधन पर व्यय करना प्रस्तावित है।
- जिला मुख्यालयों पर 100-100 आवासीय क्षमता के विवेकानंद यूथ हॉस्टल बनाए जाने की घोषणा।
- 18-35 वर्ष के उद्यमियों हेतु मुख्यमंत्री युवा उद्यम प्रोत्साहन योजना प्रारम्भ करने की घोषणा।
- अल्प आय वर्ग की महिलाओं, कामगार, विभिन्न वंचित वर्ग यथा-हस्तशिल्पी, केशकला व माटी कला कारीगर एवं घुमन्तू आदि को स्वरोजगार के लिए 'विश्वकर्मा कामगार कल्याण योजना' शुरू किया जाना प्रस्तावित।
- युवाओं को स्टार्ट-अप तथ आधुनिकतम तकनीक आधारित उद्योगों को स्थापित करने के लिए **राजस्थान वेंचर केपिटल फण्ड (RYCF)** के तहत् ₹ 250 करोड़ की राशि उपलब्ध कराने का प्रस्ताव।
- जनजाति क्षेत्र के युवाओं हेतु गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा में **इक्यूवेशन एण्ड इनोवेशन सेंटर** स्थापित करने की घोषणा।
- **कोटा, जोधपुर और उदयपुर** में ₹ 10 करोड़ की लागत से प्लेनेटेरियम बनाए जाने की घोषणा।
- युवाओं को स्वास्थ्य/फार्मेसी, एग्रीकल्चर व बायो इंफोमेंटिक से सम्बन्धित रु. 300 करोड़ की लागत से जयपुर में एपीजे अब्दुल कलाम इंस्टीट्यूट ऑफ बायो टेक्नोलॉजी खोला जाएगा।
- जयपुर में राजीव गांधी सिविल एविएशन यूनिवर्सिटी खोले जाने की घोषणा। इसके अन्तर्गत पायलट ट्रेनिंग अकादमी, एएमई, एविएशन मैनेजमेंट कोर्स, ड्रोन आदि से सम्बन्धित कोर्स शुरू होंगे।
- कोटा संभाग में RSMML के सहयोग से माइनिंग यूनिवर्सिटी स्थापित किया जाना प्रस्तावित।
- राजस्थान आईएलडी स्किल यूनिवर्सिटी का नाम विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी किया जाना प्रस्तावित।
- राजकीय महाविद्यालय के शिक्षकों के लिए प्रतिष्ठित संस्थानों में रिसर्च एवं ट्रेनिंग के लिए टीचर्स इंटरफेस

फॉर एक्सलीलेंस (TIE) कार्यक्रम शुरू करना प्रस्तावित।

- उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षणिक सुधार हेतु ₹ 20 करोड़ की लागत से जयपुर में फैकल्टी डवलपमेंट एकेडमी स्थापित होगी।
- 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों हेतु राजस्थान टेलेंट सर्च एक्जाम (RTSE) स्कॉलरशिप प्रारम्भ करने की घोषणा। 10 हजार मेधावी छात्रों को स्कॉरशिप दी जाएगी।
- वैदिक संस्कृति के प्रोत्साहन एवं संरक्षण हेतु राज्य के शेष 13 जिलों-जोधपुर, श्रीगंगानगर, हनुमानढ़, जैसलमेर, बाड़मेर, टोंक, सिरोही, पाली, प्रतापगढ़, अलवर, राजसमन्द, बारां एवं जालौर में वेद विद्यालय खोले जाना प्रस्तावित।
  - 19 जिलों में पहले ही वेद विद्यालय तथा वर्ष 2021-22 में बाँसवाड़ा में वेद विद्यापीठ की स्थापना की जा चुकी है।
- प्रत्येक संभाग में ₹ 105 करोड़ की लागत से सलीम दुर्रानी आवासीय स्पोर्ट्स स्कूल स्थापित करने की घोषणा।
- भरतपुर में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बनाए जाने की घोषणा।
- खेल अकादमी: कोलिडा (सीकर) व बाँसवाड़ा में फुटबॉल, बीकानेर में साइक्लिंग, भीलवाड़ा में कुश्ती, राजगढ़ (चूरू) में एथलेटिक्स तथा बाड़मेर व सीकर में बास्केटबॉल अकादमी शुरू की जाएँगी।
- भारतीय कलाओं से रूबरू कराने के उद्देश्य से राजीव गाँधी नेशनल यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम शुरू होगा।
- मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में प्रति परिवार बीमा राशि ₹ 10 लाख से बढ़ाकर ₹ 25 लाख करने की घोषणा।
- मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना में परिवार की दुर्घटना बीमा राशि ₹ 5 लाख से बढ़ाकर ₹ 10 लाख करने की घोषणा।
- मानसिक तनाव व अवसाद से बचाने के लिए जयपुर, जोधपुर एवं कोटा में साइकोलॉजिकल काउंसलिंग सेंटर्स शुरू किया जाना प्रस्तावित।
- शेष तीनों जिलों-प्रतापगढ़, जालौर एवं राजसमन्द में राज्य के खर्चे से सरकारी मेडिकल कॉलेज खोले जाने की घोषणा।
- ₹ 500 करोड़ की लागत से जोधपुर में मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी स्थापित करने की घोषणा।
- आयुर्वेदिक वेलनेस पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चाकसू (जयपुर) स्थित आयुर्वेद, योग व नेचुरोपैथी एकीकृत महाविद्यालय में रु. 50 करोड़ की लागत से 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन पंचकर्म' खोला जाएगा।
- जिला स्तर पर रोड सेफ्टी टास्क फोर्स का गठन होगा।
- महात्मा गांधी मिनिमम गारंटीड इनकम योजना लागू करने की घोषणा।
  - ✓ इस योजना से सभी परिवारों को 125 दिवस प्रतिवर्ष का रोजगार गारंटी तथा
  - ✓ वृद्ध/दिव्यांग/एकल महिला होने की स्थिति में रु. 1000 प्रतिमाह की पेंशन प्राप्त हो सकेगी।
- Gig Workers Kalyan Board की स्थापना एवं ₹ 200 करोड़ का Gig Workers Kalyan and Development Fund की घोषणा।
  - ✓ ऑनलाइन कम्पनियों के साथ डिलीवरी से जुड़े कार्य करने वाले कर्मचारी **गिग वर्कर** कहलाते हैं।
- **मुख्यमंत्री चिरंजीवी श्रमिक संबल योजना:** 25 से 60 वर्ष के पंजीकृत श्रमिकों एवं स्ट्रीट वेंडर्स को अस्पताल में भर्ती के दौरान ऑटो डीबीटी के माध्यम से 7 दिवस तक ₹ 200 प्रतिदिन की सहायता।
- PESA Implementation and Monitoring Task Force का गठन।
- जयपुर स्थित बाबा आम्टे दिव्यांग विश्वविद्यालय के अन्तर्गत ₹ 25 करोड़ की लागत से सेंटर फॉर एक्सीलेंस फॉर एसेस्टिव टेक्नोलॉजी की स्थापना।
- जोधपुर में महात्मा गांधी दिव्यांग विश्वविद्यालय तथा कोटा, भरतपुर एवं उदयपुर में विशेष योग्यजन महाविद्यालय खोले जाना प्रस्तावित।
- संभागों के मुख्यालयों और जिला मुख्यालयों पर 'इंदिरा गांधी वर्किंग वुमन होस्टल' बनाए जाने की घोषणा।
- कामकाजी महिलाओं के शिशुओं की देखभाल हेतु 'प्रियदर्शिनी डे-केयर सेंटर योजना' शुरू करने की घोषणा।
- महिलाओं को रोडवेज की साधारण बसों के किराए में छूट 50 प्रतिशत।
- वुमन स्पेशल बस सर्विस प्रारम्भ होगी।
- सामूहिक विवाह अनुदान योजना में अनुदान राशि ₹ 18 हजार से बढ़ाकर ₹ 25 हजार।
- राजस्थान फाउंडेशन के तत्वावधान में 'इंटरनेशनल राजस्थान कॉन्क्लेव (IRC)' का आयोजन प्रस्तावित।

- 50 उपखण्डों में औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना।
- उदयपुर में एयर कार्गो तथा बीकानेर और पचपदरा (बाड़मेर) में इनलैंड कंटेनर डिपो की स्थापना।
- ब्लू पॉटरी के लिए जयपुर में सेंटर फॉर एक्सीलेंस की स्थापना।
- अलवर और पुष्कर (अजमेर) में ग्रामीण हाट की स्थापना।
- जोधपुर, उदयपुर, कोटा और अजमेर शहरों के लिए GIS आधारित 3डी सिटी परियोजना की घोषणा।
- बाड़मेर में 1,100 मेगावॉट का लिग्नाइट आधारित पॉवर प्लांट लगभग ₹ 7,700 करोड़ की लागत से स्थापित करने की घोषणा।
- राजस्थान को 'हरित प्रदेश' बनाने के लिए राजस्थान ग्रीनिंग एवं रिब्लिडिंग मिशन शुरू करने की घोषणा की।
- हरियाली एवं वन्य जीव संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वन्य एवं वन्यजीवों सम्बन्धी गतिविधियों में दीर्घकालीन निवेश हेतु राजस्थान वानिकी और जैव-विविधता विकास परियोजना (RFBDP) शुरू होगी।
- इको-टूरिज़्म को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक ज़िले में एक-एक लव-कुश वाटिका खोलने की घोषणा की।
- जमवारामगढ़ (जयपुर) में 48 हेक्टेयर क्षेत्र में इंटीग्रेटेड रिसॉर्स रिकवरी पार्क स्थापित होगा।
- पर्यटन विकास कोष की राशि ₹ 1,000 करोड़ से बढ़ाकर ₹ 1,500 करोड़ की घोषणा।
- जयपुर, उदयपुर, जोधपुर और अजमेर में 100-100 करोड़ की लागत से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के कन्वेंशन व एक्जीबिशन के MICE (Meeting, Incentives, Confrences and Exhibitions) सेंटर स्थापित होंगे।
- माउंट आबू (सिरोही), जोधपुर और उदयपुर सहित 5 प्रमुख पर्यटन स्थलों पर ₹ 125 करोड़ की लागत से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के गोल्फ कोर्स विकसित होंगे।
- विरासत नगरी आमेर (जयपुर) Iconic Destination के रूप में विकसित होगी।
- जयपुर के नेवटा व कानोता बाँध, भरतपुर के बंध बारेठा, जोधपुर के कायलाना व सूरपूरा बाँध, पाली के हेमावास बाँध, झुंझुनूं के कोट बाँध (उदयपुरवाटी) आदि को इको एडवेंचर ट्यूरिज्म साइट के रूप में विकसित किया जाएगा।
- राजस्थान लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन। फेस्टिवल में कन्हैया लाल सेठिया, कोमल कोठारी, सीताराम लालस एवं विजयदान देथा के नाम से साहित्य पुरस्कार शुरू किया जाना प्रस्तावित।
- अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जयपुर में जयपुर कला समागम का द्विवार्षिक तौर पर आयोजन।
- ₹ 100 करोड़ राशि का लोक कलाकार कल्याण कोष का गठन। इसके अन्तर्गत मुख्यमंत्री लोक कलाकार प्रोत्साहन योजना प्रारम्भ करने की घोषणा।
  - ✓ योजना के तहत् लोक कलाकारों को प्रति परिवार प्रति वर्ष 100 दिवस विभिन्न आयोजनों में प्रदर्शन का अवसर।
  - ✓ कला से सम्बन्धित उपकरण हेतु एक बारीय ₹ 5,000 की सहायता।
- पंचायत/ वार्ड स्तर पर महात्मा गांधी पुस्तकालय एवं संविधान केन्द्र स्थापित करने की घोषणा।
- बाल एवं यौन अपराधों के पीड़ितों एवं अन्य संवेदनशील गवाहों को सुरक्षित माहौल में सुरक्षित गवाही हेतु प्रत्येक जिले में Vulnurable witness deposition centre की स्थापना।
- Real Time Auto Service Delivery System-SWATAH (स्वत:) लागू किए जाने की घोषणा।
  - ✓ इसके माध्यम से विभिन्न सेवाएँ स्वत: उपलब्ध हो जाएँगी।
- ₹ 150 करोड़ की लागत से जयपुर में राजीव गांधी सेंटर फॉर आईटी डवलपमेंट एण्ड ई-गवर्नेस की स्थापना।
- नवीन तकनीक आधारित Rajkaj 2.0 विकसित।
- आईटीआई के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जोधपुर में सूचना आयोग की बैंच स्थापित करना प्रस्तावित।
- जोधपुर में ₹ 75 करोड़ की लागत से मेजर शैतान सिंह शहीद स्मारक एवं म्यूजियम का निर्माण। सीकर में सैनिक सदन एवं महिला कौशल विकास केनद्र का निर्माण।
- पेंशन पाने की अर्हक सेवा की अवधि 28 वर्ष से घटाकर 25 वर्ष।
- ठेके पर संविदा कार्मिक लेने की प्रथा को समाप्त करते हुए REXCO की तर्ज पर Rajasthan Logistical Services Delivery Corporation (RLSDC) के गठन की घोषणा।
- नगरीय निकायों व पंचायतीराज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों के मानदेय/भत्तों में 15 प्रतिशत की वृद्धि।

### कृषि बजटः महत्त्वपूर्ण बिन्दु

- पहला कृषि बजट 2022-23 में प्रस्तुत किया गया था।
- कृषक कल्याण कोष की राशि को ₹ 5,000 करोड़ से बढ़ाकर ₹ 7,000 करोड़ किया।
- 12वें मिशन के रूप में 'राजस्थान युवा कृषक कौशल एवं क्षमता संवर्द्धन मिशन' प्रारम्भ करने का प्रस्ताव।
- जयपुर एवं जोधपुर में रु. 100 करोड़ की लागत से ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स मार्ट स्थापित करने की घोषणा।
- सिरोही में अंजीर का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की घोषणा। साथ ही सवाई माधोपुर में अमरूद उत्कृष्टता प्रशिक्षण केन्द्र खोला जाएगा।
- टोंक में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फोर एपीकल्चर बनेगा।
- जयपुर, सीकर, झुंझुनूं, अलवर, धौलपुर, चूरू, श्रीगंगानगर, सिरोही, बाँसवाड़ा, डूँगरपुर, प्रतापगढ़, राजसमन्द जिलों में मिनी फूड पार्क व रोहड़ा (दौसा) में फूड पार्क तथा बीकानेर में एग्रो पार्क स्थापित किए जाएँगे।
- जोबनेर (जयपुर) में नवीन पशुपालन विश्वविद्यालय स्थापित किया जाना प्रस्तावित।
- 2,000 यूनिट प्रतिमाह तक उपयोग करने वाले समस्त 11 लाख से अधिक किसानों को निःशुल्क बिजली देने की घोषणा की।
- **मुख्यमंत्री कामधेनु बीमा योजनाः** प्रत्येक परिवार हेतु 2-2 दुधारू पशुओं को ₹ 40 हजार प्रति पशु बीमा करने हेतु योजना।
- पशुपालकों को डोर स्टेप पर पशुओं हेतु विभिन्न सुविधाएँ उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से पशु मित्र योजना प्रस्तावित।
- Sex Sorted Semen के उत्पादन के लिए बस्सी (जयपुर) में लैब।
- खारे पानी में श्रीम्प/झींगा पालन को बढ़ावा देने के लिए चूरू में खारा पानी एक्वाकल्चर प्रयोगशाला की स्थापना।

## केन्द्रीय बजट - 2023-24

- केन्द्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2023-24 का केन्द्रीय बजट 1 फरवरी, 2023 को संसद में प्रस्तुत किया।
  - ✓ मोदी सरकार यह 10वाँ तथा उनके दूसरे कार्यकाल का यह पाँचवाँ नियमित बजट था तथा यह पाँचों ही बजट श्रीमती सीतारमण ने प्रस्तुत किए हैं।
- यह अमृत काल के लिए विजन पेश किया गया है, जो कि सशक्त एवं समावेशी अर्थव्यवस्था के लिए ब्लू प्रिंट है।
- इस बजट में निम्नांकित सात प्राथमिकताएँ 'सप्तऋषि' अपनाई गई हैं-
  1. समावेशी विकास
  2. अंतिम व्यक्ति तक पहुँचना,
  3. अवसंरचना एवं निवेश
  4. सक्षमता को सामने लाना,
  5. हरित विकास
  6. युवा शक्ति और
  7. वित्तीय क्षेत्र।

**आय व्यय का सारांश**

- प्रस्तुत बजट में वित्त-वर्ष 2023-24 के दौरान कुल व्यय ₹ 45,03,097 करोड़ प्रस्तावित है।
  - ✓ यह 2022-23 के दौरान हुए कुल व्यय ₹ 41,87, 232 करोड़ (संशोधित अनुमान) ₹ 3,15,865 करोड़ अधिक होगा।
- 2022-23 के लिए प्रस्तावित ₹ 45,03,097 करोड़ के कुल व्यय में ₹ 35,02,136 करोड़ राजस्व खाते में व ₹ 10,00,961 करोड़ पूँजी खाते में व्यय होंगे।
- प्रस्तुत बजट में ₹ 45,03,097 करोड़ के प्रस्तावित व्यय की आपूर्ति ₹ 26,32, 281 करोड़ की राजस्व प्राप्तियों (Revenue Receipts) से तथा शेष ₹ 18,70,816 करोड़ की आपूर्ति पूँजीगत प्राप्तियों से करने की बात कही गई है।
- प्रस्तुत बजट (2023-24) में ₹ 8,69,855 करोड़ का राजस्व घाटा (Revenue Deficit) अनुमानित है जो कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 2.9% है [राजस्व खाते में व्यय में से राजस्व प्राप्तियाँ घटाने पर राजस्व घाटा प्राप्त होता है।
- वित्त-वर्ष 2023-24 में देश का राजकोषीय घाटा (Fiscal Deficit) ₹ 17,86,816 करोड़ रहने का बजट अनुमान है, जो कि सकल घरेलू उत्पाद का 5.9% रहेगा।
- 2023-24 में प्राथमिक घाटा जीडीपी का 2.3 प्रतिशत अनुमानित है।
  - ✓ पिछले वर्ष 2022-23 में यह जीडीपी का 2.8 प्रतिशत अनुमानित था, जो संशोधित आकलन में 3.0 प्रतिशत रहा है।

**बजट 2023-24 के महत्वपूर्ण बिन्दु**

- प्रति व्यक्ति आय करीब 9 वर्षों में दोगनुी होकर ₹ 1.97 लाख हो गई है।

- भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ा है और यह पिछले 9 वर्ष में विश्व की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है।
- **आत्म-निर्भर स्वच्छ पादप कार्यक्रम** का शुभारम्भ रु. 2,200 करोड के प्रारम्भिक परिव्यय के साथ उच्च गुणवत्ता वाली बागवानी फसल के लिए रोग-मुक्त तथा गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से किया जाएगा।
- **'शहरी अवसंरचना विकास निधि'** (Urban Infrastructure Development Fund-UIDF) की स्थापना की जाएगी। इसका प्रबंधन राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा किया जाएगा और इसका उपयोग टीयर-2 और टीयर-3 शहरों में शहरी अवसंरचना के सृजन हेतु सार्वजनिक एजेंसियों द्वारा किया जाएगा।
- **प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0** को अगले तीन वर्षों में लाखों युवाओं को कौशल सम्पन्न बनाने के लिए शुरू की जाएगी।
- **मिलेट के लिए वैश्विक केन्द्रः** 'श्री अन्न'-भारत को 'श्री अन्न' के लिए वैश्विक केन्द्र बनाने के लिए 'भारतीय बाजरा अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद' को उत्कृष्टता केन्द्र के रूप में बढ़ावा दिया जाएगा।
- युवा उद्यमी ग्रामीण क्षेत्रों में एग्री-स्टार्टअप्स शुरू कर सकें, इसके लिए कृषि वर्धक निधि (Agriculture Accelerator Fund) की स्थापना की जाएगी।
- **वर्ष 2047 तक स्किल से एनीमिया का उन्मूलन** करने के लिए एक मिशन की शुरुआत की जाएगी।
- अनुसूचित जनजातियों के लिए विकास कार्य योजना के तहत् अगले 3 वर्षों में प्रधानमंत्री पीवीटीजी विकास मिशन को लागू करने के लिए ₹ 15,000 करोड़ का प्रावधान।
- देश के शीर्ष शैक्षिक संस्थानों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए तीन उत्कृष्टता केन्द्र (Centers of Excellence for Artificial Intelligence) स्थापित किए जाएँगे।
- अवसंरचना में निजी निवेश के अवसरों को बढ़ाने के लिए नया **अवसंरचना वित्त सचिवालय** (Ne Infrastructure Finance Secretarial) स्थापित किया गया।
- शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए सर्वोत्कृष्ट संस्थान के रूप में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान विकसित किए जाएँगे।
- भूगोल, भाषा सहित कई क्षेत्रों में उत्कृष्ट पुस्तकों की उपलब्ध बढ़ाने के लिए एक राष्ट्रीय डिजिटल बाल एवं किशोर पुस्तकालय (National Digital Library for Children and Adolescents) की स्थापना की जाएगी।
- स्टार्ट-अप्स और शिक्षाविदों द्वारा नवाचार और अनुसंधान शुरू करने के लिए राष्ट्रीय डाटा शासन नीति लाई जाएगी।
- पहले चरण में 1 लाख पुरातन अभिलेखों के डिजिटलीकरण के लिए डिजिटल एपीग्राफी संग्रहालय में 'भारत शेयर्ड रिपोजटरी ऑफ इनस्क्रिप्शंस' (Bharat Shared Respository of Inscriptions) की स्थापना।
- सरकारी कर्मचारियों को उनका कौशल बढ़ाने और जन केन्द्रित सुविधाएँ उपलब्ध कराने योग्य बनाने के लिए एक एकीकृत ऑनलाइन प्रशिक्षण मंच आई-गोट कर्मयोगी का शुभारम्भ।
- **पीएम-प्रणाम** अर्थात् 'पृथ्वी माता के पुनर्रुद्धार, इसके प्रति जागरूकता, पोषण और सुधार हेतु प्रधानमंत्री कार्यक्रम'
- [PM Programme for Restoration, Awareness, Nourishment and Amelloration of Mother Earth (PM-PRANAM)]: राज्यों और संघ राज्य-क्षेत्रों को रासायनिक उर्वरकों के संतुलित प्रयोग तथा इनके स्थान पर वैकल्पिक उर्वरकों के प्रयोग को बढावा देने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु शुरू किया जाएगा।
- मैंग्रोव पौधारोपण के लिए 'तटीय पर्यावास और ठोस आमदनी के लिए मैंग्रोव पहल मिश्टी' (Mangrove Initiative for Shoreline Habitates & Tangible Income—MISHTI) की शुरूआत की जाएगी।
- 'देखो अपना देश' पहल का उद्देश्य हासिल करने के लिए क्षेत्र विशिष्ट कौशलवर्धन और उद्यमशीलता विकास का समन्वयन स्थापित किया जाएगा।
- **वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम** (Vibrant Villages Programme) के अन्तर्गत सीमावर्ती गाँव में पर्यटन के बुनियादी ढाचों का विकास किया जाएगा और पर्यटन सुविधाएँ प्रदान की जाएँगी।
- राज्यों के उनके स्वयं के ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद), जीआई उत्पाद और अन्य हस्तशिल्प उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए और उनकी बिक्री करने के लिए एक यूनिटी मॉल (Unity Mall) स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।
- आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में एक एकल नई लघु बचत योजना 'महिला सम्मान बचत प्रमाण-पत्र'

शुरू किया जाएगा। यह महिलाओंया बालिकाओं के नाम पर आंशिक आहरण विकल्प के साथ 2 वर्षों की अवधि के लिए 7.5% की नियत ब्याज दर पर ₹ 2 लाख तक की जमा सुविधा का प्रस्ताव देगा।

- **मासिक आय खाता योजना** के लिए अधिकतम जमा सीमा को एकल खाते के लिए ₹ 4.5 लाख से बढ़ाकर ₹ 9 लाख और संयुक्त खाते के लिए ₹ 9 लाख से बढ़ाकर ₹ 15 लाख किया गया।
- कृषि के लिए डिजिटल जन-अवसंरचना (Digital Public Infrastructure for Agriculture) को एग्री-टेक उद्योग और स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करने और किसान केन्द्रित समाधान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किया जाएगा।
- राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन की सहायता से अर्थव्यवस्था को निम्न कार्बन सघनता वाली स्थिति में ले जाने, जीवाश्म ईंधन के आयातों पर निर्भरता को कम करने तथा 2030 तक 5 एमएमटी के वार्षिक उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा।

**रेलवे**

- रेलवे के लिए ₹ 2.40 लाख करोड़ के पूँजीगत परिव्यय (Capital outlay) का प्रावधान किया गया है।

**रक्षा क्षेत्र**

- वर्ष 2023-24 के बजट में रक्षा क्षेत्र को ₹ 5.94 लाख करोड़ मिले, जो कि विगत वर्ष की तुलना में 13% अधिक है।

**प्रत्यक्ष कर**

- नई कर व्यवस्था में निजी आयकर में छूट की सीमा को ₹ 5 लाख से बढ़ाकर ₹ 7 लाख कर दिया गया है।
  - ✓ नई व्यक्तिगत आयकर व्यवस्था में स्लैबों की संख्या 6 से घटाकर 5 कर दी गई और कर छूट की सीमा को बढ़ाकर ₹ 3 लाख कर दिया गया है।

| नई कर दरें | | | |
|---|---|---|---|
| **कुल आय ( रु. )** | **दर (%)** | **कुल आय ( रु. )** | **दर (%)** |
| 3,00,000 तक | कुछ नहीं | 9,00,001 से 12,00,000 तक | 15 |
| 3,00,001 से 6,00,000 तक | 5 | 12,00,001 से 15,00,000 तक | 20 |
| 6,00,001 से 9,00,000 तक | 10 | 15,00,000 से अधिक | 30 |

**अप्रत्यक्ष कर**

- वस्त्रों और कृषि को छोड़कर बेसिक सीमा शुल्क दरों की संख्या को 21 से घटाकर 13 किया गया है।
- सम्मिलित कम्प्रेस्ड बायो गैस, जिस पर जीएसटी भुगतान किया गया है, उस पर उत्पाद शुल्क में छूट देने का प्रस्ताव।
- इलेक्ट्रिक वाहनों में प्रयुक्त लिथियम आयरन बैटरी का उत्पादन करने वाली मशीनरी/कैपिटल गुड्स पर सीमा शुल्क को बढ़ाकर 31.03.2024 तक किया गया।
- जीएसटी के अन्तर्गत अभियोजन की शुरुआत करने के लिए कर राशि की न्यूनतम सीमा को ₹ 1 करोड़ से बढ़कार ₹ 2 करोड किया जाएगा।



# खेल जगत्

## क्रिकेट

### अंडर-19 टी-20 महिला विश्वकप

- भारतीय अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड को हराते हुए आईसीसी अंडर-19 टी-20 वर्ल्ड कप जीता है। 29 जनवरी, 2023 को खेले गए फाइनल मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 17.1 ओवर में 68 रन बनाए। इसके जवाब में भारत ने 14 ओवर में मात्र तीन विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। भारतीय टीम की कप्तान शैफाली वर्मा थी। दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी में आयोजित प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भारतीय गेंदबाज तीतस साधु को दिया गया, जबकि प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट इंग्लैंड की ग्रेस स्क्रीवेंस रहीं।

### भारत-न्यूजीलैंड वन-डे सीरीज

- न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीम जनवरी 2023 में भारत दौरे पर रही। 18-24 जनवरी, 2023 के बीच दोनों देशों के बीच खेली गई तीन वन-डे मैचों की सीरीज भारत ने 3-0 से जीती। भारत के शुभन गिल को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। भारत के कप्तान रोहित शर्मा और न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम थे।

### भारत-श्रीलंगा वन-डे सीरीज

- श्रीलंका की क्रिकेट टीम 3-15 जनवरी 2023 को भारत के दौरे पर रही। इस दौरान दोनों देशों के बीच टी-20 तथा वन-डे सीरीज खेली गई।
- **टी-२० सीरीजः-** भारत और श्रीलंका के बीच खेली गई तीन मैचों की सीरीज भारत ने 2-1 से जीती। भारतीय टीम के कप्तान हार्दिक पाण्ड्या और श्रीलंका के कप्तान दसुन शनाका थे। विराट कोहली को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।
- **वन-डे सीरीजः-** भारत और श्रीलंका के बीच खेली गई तीन मैचों की सीरीज भारत ने 3-0 से जीती। 15 जनवरी को तिरुवनंतपुरम में खेले गए तीसरे मैच में भारत ने श्रीलंका को 317 रन से हराया। यह रनों के अंतर से वन-डे इतिहास में सबसे बड़ी जीत है। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और श्रीलंका के कप्तान दसुन शनाका थे। विराट कोहली को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

### महिलाओं का टी-20 विश्वकप

- आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप का आयोजन 10-26 फरवरी, 2023 को दक्षिण अफ्रीका में किया गया। प्रतियोगिता में 10 टीमों ने हिस्सा लिया। 26 फरवरी को खेले गए फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 19 रनों से हराकर खिताब जीता।

### रणजी ट्रॉफी

- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के तत्वावधान में 13 दिसम्बर से 20 फरवरी, 2023 तक रणजी ट्रॉफी का आयोजन किया गया। फाइनल मुकाबले में सौराष्ट्र ने बंगाल को 9 विकेट से हराकर खिताब जीता। सौराष्ट्र के कप्तान जयदेव उनादकट को प्लेयर ऑफ द मैच तथा सौराष्ट्र के ही अर्पित वसावड़ा को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

## टेनिस

### ऑस्ट्रेलियाई ओपन

- वर्ष 2023 के पहले ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलिया ओपन का आयोजन 16-29 जनवरी, 2023 को मेलबर्न में किया गया।

**ये रहे विजेताः-**

| | | |
|---|---|---|
| **पुरुष एकल-** | **विजेता-** | नोवाक जोकोविच (सर्बिया) |
| | **उपविजेता-** | स्टीफानोस सिट्सिपास (जापान |
| **महिला एकल** | **विजेता-** | आर्यना सबालेंका (बेलारूस) |
| | **उपविजेता-** | एलेना रायबकिना (कजाकिसन) |

**पुरुष युगल-** **विजेता-** रिंकी हाजीकाता व जेसोन कुब्बर (दोनों ऑस्ट्रेलिया)

**उपविजेता-** हूगो न्यस (मोनाको) व जेन जेलिस्की (पोलैंड)

**महिला युगल-विजेता -** बारबोरा क्रेजसीकोवा (चैक गणराज्य) व कैटरिना सिनियाकोवा (चैक गणराज्य)

**उपविजेता** -शूमो ओयाा और इना शिबहारा (दोनों जापान)

**मिश्रित युगल विजेता-** लुइसा स्टेफनी और राफेल माटोस (दोनों ब्राजील)

**उपविजेता-** रोहन बोपन्ना व सानिया मिर्जा (दोनों भारत)

## हॉकी

### जर्मनी ने जीता विश्व कप

- 15वें हॉकी विश्व कप टूर्नामेंट का आयोजन 13-29 जनवरी 2023 को ओडिशा के भुवनेश्वर और राउरकेला में किया गया। भुवनेश्वर में खेले गए फाइनल मैच में जर्मनी ने बेल्जियम की टीम को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर तीसरी बार खिताब जीता। जर्मनी के निकलस वेलेन को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार प्रदान किया गया। गोलकीपर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार बेल्जियम के विन्सेंट वनाच ने जीता। ऑस्ट्रेलिया के जेरेमी हेवर्ड ने सर्वाधिक 9 गोल कर शीर्ष गोल स्कोरर का पुरस्कार जीता।

## निशानेबाजी

### आईएसएसएफ विश्व कप

- काहिरा में 17-24 फरवरी 2023 को आयोजित आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में भारत ने कुल 7 पदक (4 स्वर्ण, 3 कांस्य) प्राप्त कर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया।

**पदक विजेताः-**

- **स्वर्ण** - रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल, एश्वर्य प्रताप सिंह, नर्मदा नितिन राजू और रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल (मिश्रित), रिदम सांगवान और वरुण तोमर (मिश्रित)।

**कांस्य** - अनीस, रिदम सांगवान, तिलोत्तमा सेन।

## शतरंज

### कोस्तुव चटर्जी

- कोलकाता के शतरंज खिलाड़ी कोस्तुव चटर्जी भारत के 78वें ग्रांडमास्टर बन गए हैं। उन्होंने 31 जनवरी 2023 को 59वीं राष्ट्रीय सीनियर शतरंज चैम्पियनशिप में मत्रिभा गुहा के साथ ड्रॉ खेलकर ग्रैंडमास्टर बनने का आखिरी मानक पूरा किया।

### विग्नेश एनआर

- भारत के विग्नेश एन आर जर्मनी के इंटरनेशनल मास्टर श्नाइडर से हराकर और जर्मनी में 24वां नॉर्डवेस्ट कप 2023 जीतकर देश के 80वें ग्रैंड मास्टर बन गए हैं।

## चर्चित खिलाड़ी

### दीपा करमाकर

- डोप टेस्ट में फेल होने के बाद इंटरनेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने भारतीय जिम्नास्ट दीपा करमाकर पर 21 महीने का प्रतिबंध लगाया है। यह प्रतिबंध 10 जुलाई, 2023 तक प्रभावी रहेगा।

## अन्य

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स

- खेलो इंडिया यूथ गेम्स के 5वें संस्करण का आयोजन 30 जनवरी से 11 फरवरी, 2023 को मध्यप्रदेश व दिल्ली की मेजबानी में किया गया। खेलों का शुभंकर 'आशा (चीता)' था। महाराष्ट्र ने कुल 162 पदक जीतकर तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

**पदक तालिकाः-**

| रैंक | राज्य | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महाराष्ट्र | 56 | 55 | 50 | 161 |
| 2 | हरियाणा | 41 | 32 | 55 | 128 |
| 3 | मध्य प्रदेश | 39 | 30 | 27 | 96 |
| 4 | **राजस्थान** | **19** | **10** | **19** | **48** |
| 5 | दिल्ली | 16 | 22 | 26 | 64 |
| 6 | केरल | 15 | 102 | 19 | 46 |
| 7 | मणिपुर | 103 | 9 | 12 | 24 |
| 8 | तमिलनाडु | 12 | 19 | 21 | 52 |
| 9 | ओडिशा | 11 | 8 | 11 | 30 |
| 10 | पंजाब | 11 | 7 | 15 | 33 |

# Our Course Features




- Classes By Best Experts
- Printed Booklets
- Regular Test Paper Pre & Mains
- Library Facility
- Personal Mentorship
- Loan Facility: No Cost EMI
- Limited Size of Batch

ऑफलाइन बैच के साथ ऑनलाइन कोर्स फ्री

GET IT ON Google Play

**Download Samyak IAS App For Online Courses**

# TEST SERIES

## RAS

### Mains

Total 40 Test

28 Topics Wise + 12 Full Test

(Every Sunday) @ 10 am

### Prelims

Total 20 Test

12 Topic Wise + 8 Full Test)

(Every Sunday) @ 10 am

## PSI

Total 40 Test

Paper 1st 20 Paper
Paper 2st 20 Paper

(Every Sunday) @ 10 am

- ☑ वर्तमान परिदृश्य पर आधारित
- ☑ RPSC पैटर्न के अनुसार
- ☑ Detailed Model Answer Key
- ☑ Online & Offline
- ☑ Hindi & English Medium

लगातार TOPPERS
की सफलता का वाहक

Samyak
An Institute For Civil Services



Anil Kumar Singhal
1st Rank
In RAS 2013

Shailesh Khairwa
2nd (A) Rank
In RAS 2016

Gaurav Budania
13th Rank
In IAS 2020

Mukta Rao
1st Rank
In RAS 2018

Next You
1st Rank

1000+ Selections In The Last 3 RAS Exam

RAS
Foundation/Pre GOLD

PSI
Paper 1st & 2nd

फ्री सेमीनार
By Toppers & Subject Expert

16 April
10 AM

Offline & Live From Classroom
सभी बैच प्रारम्भ: 17 अप्रैल (सोमवार)

Separate Batch For Hindi & English Medium

Riddhi Siddhi, Jaipur
9875170111
GET IT ON Google Play Download SAMYAK IAS APP